# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-266 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रायगढ़,25 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सोमवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। हादसा रायगढ़ के घरघोड़ा में हुई है। जानकारी के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ, जब ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक की स्पीड काफी ज्यादा थी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है, वहीं ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक घरघोडा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 कसैया डीपा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक दोनों युवक घरघोड़ा क्षेत्र के रहने वाले है। घरघोड़ा पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है। वहीं चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद घरघोड़ा पुलिस जांच में जुट गयी है।

### बोनस का ब्याज भी देना चाहिए: कांग्रेस

**रायपुर,25 दिसंबर।** सुशासन दिवस पर किसानों को बोनस देने को लेकर सुशील आनंद शुक्ला का बयान सामने आया है. सुशील आनंद ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि, भाजपा को किसानों का बोनस जारी करने के साथ प्रायश्चित करना चाहिए. बीजेपी उन्हें केवल 2 साल के बोनस की भरपाई कर रही है. किसानों को बोनस का ब्याज भी देना चाहिए. इन 7 सालों में कुछ खातों का बंटवारा हुआ, तो कुछ किसानों की मृत्यु भी हो गई. मंत्रिमंडल गठन के बाद विभागों का बंटवारा नहीं होने पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद ने भाजपा पर तंज कसा है. सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि, पहले मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सिर फुटव्वल हुआ. अब भाजपा मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा नहीं कर पा रही. मंत्रिमंडल में वरिष्ठों को दरकिनार किया गया. भाजपा सामंजस्य नहीं बिठा पा रही. इतना ही नहीं कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद ने कहा, कोरोना को लेकर सरकार को जागरुकता फैलाना चाहिए. इस मामले को गंभीरता से लेकर तैयारी करनी चाहिए. सावधानी ही बचाव है.

### पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा ने पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ,25 दिसंबर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री और दिग्गज भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा, देश के लोगों की ओर से पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। वह जीवन भर राष्ट्र निर्माण को गति देने में लगे रहे। उनका समर्पण और सेवा भारत के प्रति अमर युग में भी प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

अमित शाह ने एक्स पर कहा, मैं पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर याद करता हूं और श्रद्धांजलि देता हूं। अटल जी ने निस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को एक नई दिशा दी। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध के माध्यम से दुनिया को उभरते भारत की ताकत का एहसास कराया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने देश में सुशासन की दृष्टि को लागू किया। देश उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद रखेगा।

नड्डा ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, हमारे पथप्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। नड्डा ने कहा, राष्ट्रीय उत्थान और जनसेवा के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन सदैव हमारी प्रेरणा बना रहेगा।

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज अटल बिहारी विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में बनाए गए शहीद स्मारक पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर सेनानियों को सादर नमन किया।

## हसदेव आंदोलन : जंगल की कटाई की अनुमति कांग्रेस सरकार ने दी थी : सीएम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,25 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर दौरे पर रवाना हुए. रवानगी से पहले उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के हसदेव बचाओ आंदोलन पर बड़ा बयान दिया है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वन कटाई की अनुमति जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब का है. वहां जो भी हुआ है कांग्रेस की सरकार में उनकी अनुमति से हुआ है. मुख्यमंत्री ने दो साल का बकाया बोनस राशि जारी करने पर कहा बीजेपी के संस्थापक और छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी का आज जन्मदिन है. मोदी की गारंटी में छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों से वादा किया था. 15 साल की सरकार में दो साल का बोनस नहीं दे पाए थे. आज लगभग 12 लाख किसानों को एक मुश्त बोनस उनके अकाउंट में ट्रांफर कर रहे हैं, यह बड़े हर्ष की बात है. बता दें कि सरगुजा जिले में स्थित जैव विविधता संपन्न हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा पूर्व कांते बासन (पीईकेबी) कोयला खदान परियोजना के दूसरे चरण के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है. जंगल बचाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रहे हैं. वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि

हसदेव क्षेत्र में कोयला खनन का विरोध कर रहे लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने भी राज्य विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया और भाजपा सरकार पर उद्योगपति का पक्ष लेने का आरोप लगाया है.

## राज्यपाल ने अटल जी को याद किया

**रायपुर,25 दिसंबर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया. राज्यपाल ने अपने निवास में स्वर्गीय वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा कि अटल वाजपेयी विराट व्यक्तित्व, महानवक्ता, लेखक और बहुमुखी के धनी होने के साथ-साथ एक जननायक थे. उन्होंने विदेश व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का मजबूती से पक्ष रखकर देश का मान बढ़ाया. भारत को जब एक कमजोर देश समझा जाता था तब पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति संपन्न घोषित किया. इस कदम से उन्होंने भारत को विश्व में एक सुदृढ़ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया.

पश्चिम के देशों ने जब एक अनेक प्रतिबंध लगाए तब उसका दृढ़ता पूर्वक सामना करते हुए उनके नेतृत्व में देश ने आर्थिक विकास की ऊंचाईयों को छुआ. उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान किया, जिससे हमारे देश की आधारभूत संरचना मजबूत हुई. अटल वाजपेयी ने ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया, उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण करना था. इसी सोच के फलस्वरूप उनके शासनकाल में अन्नपूर्णा योजना शुरू की गई, जिसमें जिन पात्र बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलती थी उन्हें हर माह 10 किलो अनाज निःशुल्क दिया गया. राज्यपाल ने कहा कि वाजपेयी भारत के महान सपूत थे. इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल सहित राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया.

## घोषणा पत्र के क्रियान्वयन पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों की ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर.25 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज यहां रायपुर के चिप्स कार्यालय में राज्य सरकार की घोषणा-

पत्र के क्रियान्वयन और परिपालन के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के लिए राज्य शासन के विभागों के भारसाधक सचिवों की बैठक ली। बैठक में घोषणा-पत्र में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के 100 दिन में किए जाने वालों कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों से व्यापक विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य शासन के 100 दिवस में किए जा सकने वाले कार्यों को तय कर समय सीमा में कार्य सुनिश्चित किया जाएं। मुख्य सचिव श्री जैन ने घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों से त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने बैठक में घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन के लिए बजट और नॉन बजट के कार्यों को अद्यतन कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री सुब्रत साहू, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणुजी पिल्ले, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, लोक निर्माण उद्योग एवं महिला बाल विकास के सचिव श्री भुवनेश यादव, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस भारतीदासन, खाद्य विभाग के सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने सुशासन दिवस पर लगाई झाड़ू

**जगदलपुर,25 दिसंबर।** सुशासन दिवस पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने झाड़ू लगाया। इस दौरान कलेक्टर विजय दयाराम, महापौर सफीरा साहू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे, उपाध्यक्ष योगेंद्र पांड़े, महामंत्री रामाश्रय सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता , दिगंबर राव, संग्राम राणा , राजा यादव के साथ साथ कर्मठ सफाई कर्मीगण व देवतुल्य नागरिकगण उपस्थित रहें। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने X पोस्ट कर बताया - स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी अमर रहें आज प्रातः श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जगदलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुआ।

## पूरे विश्व में भारत को अटल जी ने नई पहचान दी: बृजमोहन

**रायपुर,25 दिसंबर।** अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को लेकर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बयान सामने आया है. बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पूरे विश्व में पहचान बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है. इस दिवस को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है. सुशासन का मतलब है, अच्छा शासन हो और अच्छा प्रशासन हो. जनता को जन सुविधा मिले. हम अटल जी को याद करते हैं. सर्व शिक्षा अभियान किसी ने लागू किया तो अटल बिहारी वाजपेयी ने लागू किया है. प्रधानमंत्री रोजगार योजना किसी ने लागू की है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है. ग्राम सड़क योजना किसने लागू की है। तो अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है. अगर देश में गोल्डन कॉरिडोर की सड़क बना शुरू हुई है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है. पूरे विश्व में ताकत दिखाने का काम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है. वहीं सीजी पीएससी के छात्र मुख्यमंत्री से मिलकर जांच की मांग की है. इस मामले में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, मुख्यमंत्री साय से वो लोग मिले हैं. निश्चित रूप से पीएसी की प्रक्रिया के कारण पूरे छत्तीसगढ़ के नौजवानों में बच्चों में बहुत ज्यादा नाराजगी है. आने वाले समय में हम इसका निर्णय करेंगे. इस पर कार्रवाई करेंगे. कांग्रेस द्वारा हसदेव जंगल कटाई के प्रदर्शन को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस को जनता ने जानकारी दी है. इतनी जल्दी उनको परेशान होने की जरूरत नहीं है. थोड़ा इंतजार करें.

## कुनो के जंगल से भागा नर चीता

**भोपाल,25 दिसंबर।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क की बड़ी-बड़ी से खुले जंगल में चीतों को आजाद किया गया था। जीतू को लेकर अब बड़ी जानकारी सामने आई है कि यह चीते अब खनन के जंगलों की सीमा को भी लग रहे हैं और दूर दराज के इलाकों में पहुंच रहे हैं। इसी बीच कनु नेशनल पार्क की बड़ी-बड़ी की कैद से जंगल में छोड़े गए चार सीटों में से एक यानी अग्नि नाम का न चीता दोनों नेशनल पार्क के जंगल से बाहर निकल कर पोहरी इलाके से होते हुए रतनगढ़ इलाके में पहुंच चुका है। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि के बीच, श्योपुर में कूनो राष्ट्रीय उद्यान की सीमाओं से चीता अग्नि के भागने से वन्यजीव अधिकारियों के बीच व्यापक चिंता पैदा हो गई है। अधिकारी अब स्थिति के बीच अग्नि को उसके समकक्ष वायु से मिलाने की रणनीति बना रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अग्नि के लापता होने के चार दिन बीत जाने के बावजूद उसकी वापसी का कोई पता नहीं चला है। हाल की रिपोर्टें राजस्थान सीमा के निकट वन क्षेत्र में उसके ठिकाने की ओर इशारा करती हैं। अधिकारियों ने चौबीसों घंटे सतर्क रहते हुए निरंतर निगरानी अभियान तेज कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि अगर अग्नि राजस्थान की ओर आगे बढ़ता है तो उसे शांत करने की योजना बनाई जा रही है। संचालन समिति ने प्राथमिकता के तौर पर अग्नि और वायु के बीच शीघ्र पुनर्मिलन की सलाह दी है। अग्नि के भागने की कहानी 17 दिसंबर को कुनो नेशनल पार्क के अधिकारियों द्वारा अग्नि और वायु दोनों को एक सुरक्षित बाड़े से खुले जंगल में छोड़े जाने के बाद शुरू हुई। अपनी रिहाई के बाद, दोनों अलग हो गए, वायु ने कुनो जंगल की सीमा के भीतर रहने का विकल्प चुना। शुरुआत में पिछले शनिवार को पोहारी क्षेत्र के पास बफर जोन में देखा गया था, अग्नि का हालिया ठिकाना रीची गांव के पास जंगल के आसपास स्थानांतरित हो गया है।

## 3 इनामी नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**दंतेवाड़ा,25 दिसंबर।** सुकमा और दंतेवाड़ा जिले के शरहदी इलाके के डब्बा कुन्ना में रविवार देर शाम तक चली मुठभेड़ में 3 हार्डकोर माओवादियों के मारे जाने की पुलिस ने पुष्टि की है. पुलिस ने 2 इनामी नक्लसियों समेत 3 को मार गिराया है. दो नक्सलियों पर 5-5 लाख का इनाम रखा गया था. मुठभेड़ में एलओएस कमांडर कुहरामी लक्ष्मण और सोमा माढ़वी मारे गए हैं. सोमा माड़वी कांगरवेली कमेटी का सदस्य 5 लाख का इनामी माओवादी भी मारा गया. लक्ष्मण कोहरामी की भी पुष्टि हुई है. समर्पित माओवादी ने मारे गए नक्सलियों की पहचान की है. इन दोनों पर ही 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित था. मारे गए तीन माओवादियों में से एक की पहचान अभी नहीं हुई है. पुलिस इस माओवादी की भी पहचान करने का प्रयास कर रही है. मौके से दो 12 बोर की बंदूक, एक पिस्टल और हैंडग्रेनेट भी बरामद किया गया है. साथ ही रॉकेट लॉन्चर भी जब्त हुआ है. पिट्ठू बैग और वॉकी टॉकी भी बरामद हुआ है. नक्सल साहित्य के साथ कुछ अहम डायरी भी मिली है. इन डायरी को खंगालने के बाद और महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस के हांथ लगेगी.

## सुशासन दिवस पर चंदूलाल ने बोनस वितरण किया

**अटल बिहारी वाजपेयी ने छग को राज्य बनाकर हमें विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया**

**गरियाबंद,25 दिसंबर।** सुशासन दिवस के अवसर पर आज गरियाबंद कृषि उपज मंडी में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू जिला भाजपा महामंत्री अनिल चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिंह नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, घनश्याम सिन्हा अनूप भोंसले केशव साहछ श्रीमती पुष्पा साहू श्रीमती निलेश्वरी साहू के साथ ही सैकड़ो नगर वासी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशासन दिवस पर टी वी से प्रसारित होने वाले अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन को समझा और देखा तत्पश्चात मंडी प्रांगण में गरियाबाद के विभिन्न कृषक जनो ने चंदूलाल साहू एवं अन्य लोगों के हाथों बोनस प्राप्त किया

## राम मंदिर के 14 स्वर्ण जड़ित दरवाजे हो रहे तैयार

**लखनऊ,25 दिसंबर।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोंरो पर हैं और तमाम प्रमुख हस्तियों को न्योते भेजे जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश और दुनिया से कई वीवीआईपी मेहमानों के इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की उम्मीद है. इस समारोह को भव्य बनाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है. प्रभु श्री रामलला का गर्भ गृह स्थान लगभग तैयार हो गया है. लाइटिंग-फिटिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है. राम मंदिर में ग्राउंड फ्लोर का काम लगभग पूरा हो चुका है अब दरवाजे तैयार हो रहे हैं. राम मंदिर के भूतल के 14 खूबसूरत घुमावदार दरवाजों को महाराष्ट्र से आई सागौन की लकड़ी से तैयार किया गया है और उन पर तांबे की परत चढ़ाई जा रही है जिसके बाद इन्हें स्वर्ण जड़ित किया जाना है. जो मजदूर इस काम में लगे हैं वह हैदराबाद स्थित कंपनी के हैं और कन्याकुमारी तमिलनाडु से ताल्लुक रखते हैं. दरवाजों की सुंदरता और विशेषताएं सोने से जड़ित और सुंदर नक्काशीदार डिजाइन है. दरवाजों को फाइनल टच देने के लिए दिल्ली भेजा गया है जहां इनकी कोटिंग होगी. इन दरवाजों पर वैभव प्रतीक गज ( हाथी),खूबसूरत विष्णु कमल, स्वागत की प्रणाम मुद्रा में देवी चित्र अंकित हैं. चारों दरवाजे एक दूसरे से अलग डिजाइन के हैं जिन्हें एलएनटी कंपनी ने डिजाइन किया है. गर्भ गृह के दरवाजे की ऊंचाई 8 फीट है और दरवाजे की चौड़ाई 12

फीट है और अन्य दरवाजे की ऊंचाई केवल 8 फीट है और दरवाजे की चौड़ाई एक दूसरे से अलग है जो 12 फीट से कम है. जरूरत पड़ने पर दरवाजा आधा बंद या पूरा खोला जा सकता है. दरअसल, मंदिर उत्तर भारत की नागर शैली पर बनाया जा रहा है है. नागर शैली उत्तर भारतीय हिन्दू स्थापत्य कला की तीन में से एक शैली है. वास्तुशास्त्र के अनुसार नागर शैली के मंदिरों की पहचान आधार से लेकर सर्वोच्च अंश तक इसका चतुष्कोण होना है. खास बात यह है नागर शैली के मंदिरों में लोहे और सीमेंट का इस्तेमाल नहीं होता है. भुवनेश्वर में स्थित लिंगराज मंदिर नागर शैली का एक उत्कृष्ट उदाहरण है. वहीं डिजाइन में मंदिर में प्रवेश के लिए चार अलग-अलग गेट सभी दिशाओं में बनाए गए हैं. सभी द्वार पर भारतीय संस्कृति की झांकियां भी मिलेंगी. साथ ही मंदिर में प्रदर्शनी, मेडिटेशन हॉल, धर्मशाला, रिसर्च सेंटर, स्टॉफ के रहने के लिए घर, राम भगवान पर रिसर्च और साहित्य के लिए लाइब्रेरी भी बनाई जाए.

पांच मंडपों के गुंबद का आकार 34 फीट चौड़ा और 32 फीट लंबा और प्रांगण से ऊंचाई 69 फीट से लेकर 111 फीट तक है. मंदिर की लंबाई 380 फुट, चौड़ाई 250 फुट और चौड़ाई 250 फुट और प्रांगण से 161 फुट ऊंचा है. पूरे गर्भगृह को मकराना के संगमरमर से उकेरा गया है. मंदिर में 392 पिलर हैं.

राम मंदिर के लिए 2100 किलो का घंटा 6 फुट ऊंचा और 5 फुट चौड़ा है. इसे घंटा घूंघरू-घंटी नगरी के नाम से मशहूर जलेसर में तैयार किया गया है. माह दिन-रात काम कर इस घंटे को तैयार करवाया गया है. इसकी लागत 25 लाख रुपये के करीब आई है. प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से ठीक एक हफ्ते पहले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो जाएगा. शुरुआत नगर में झांकी निकालने के साथ होगी. इसमें भगवान राम के जन्म से लेकर वनवास तक की तस्वीरें होंगी. लंका पर विजय और अयोध्या वापसी की झलक भी देखने को मिलेगी. अयोध्या में श्री राम एयरपोर्ट लगभग तैयार हो गया है. इस एयरपोर्ट के काम को पूरा करने की डेडलाइन 31 दिसंबर तय की गई थी. पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले एयरपोर्ट को रन करवाने का प्लान था और वो तय समय से पहले पूरा हो रहा है. यही वजह है कि पिछले दिनों खुद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अयोध्या पहुंचे थे.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने प्रशासन को किसी भी समस्या से बचने के लिए होटलों की सभी अग्रिम बुकिंग रद्द करने का निर्देश दिया. यहां 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम लला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह है. इसमें बड़ी संख्या में विशेष आमंत्रित लोग आ रहे हैं. इसके अलावा हाईवे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्मपथ की भी सजावट प्रधानमंत्री के आगमन के दृष्टिगत आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाए जिस प्रकार सुल्तानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है. राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ गोरखपुर में अयोध्या की बाईपास रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाए तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाने चाहिए.

### तेलंगाना में दो सड़क दुर्घटनाओं में 6 की मौत

**हैदराबाद ,25 दिसंबर ।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं में एक ही परिवार के पांच सदस्यों सहित छह लोगों की मौत हो गई। एक परिवार पर दोहरी त्रासदी तब हुई जब छह लोगों को ले जा रहा वाहन सोमवार तड़के एक तेल टैंकर से टकरा गया। इनमें से तीन की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बीती रात निदामनूर मंडल में वेमपहाड़ के पास पहली दुर्घटना में एक पैदल यात्री समेत दो लोगों की मौत हो गई। केशवुलु (28) मोटरसाइकिल पर मिर्यालगुडा से पेद्दापुर की ओर जा रहा था। उसने एक पैदल यात्री सैदुलु (55) को टक्कर मार दी। दोनों की जान चली गयी। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर केशवुलु के परिवार के सात सदस्य सोमवार तड़के टाटा वाहन से दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

परिवार पर एक और विपत्ति आई जब वाहन एक तेल टैंकर से टकरा गया।

## एक नजर

### बदमाशों ने लाखों के आभूषण चुराकर घर में आग लगा दी

**भिलाई 25 दिसंबर।** सुपेला थाना क्षेत्र नेहरू नगर के एक घर में बदमाशों ने लाखों रुपये के आभूषण चुराने के बाद घर में आग लगा दी आगजनी में करीब चार लाख रुपये के सामान जलकर खाक हुआ है घटना की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी और आगजनी की धारा के तहत प्राथमिकी की है पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर निवासी विभारानी साहू अपने परिवार के साथ अपने मायके दुर्ग गई थी अगली रात को उसे जानकारी मिली कि उसके घर में आग लगी है इस पर शिकायतकर्ता वापस अपने घर लौटी और डायल 112 पर फोन किया इसके बाद फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी से घर का सामान पलंग, ड्रेसिंग टेबल, खिड़की, दरवाजे, गिफ्ट आइटम, दवाइयां, टीवी, फ्रीज, मकान के कागजात व अन्य जरूरी दस्तावेज जल गए आग बुझने के बाद जब शिकायतकर्ता ने आलमारी को देखा तो आलमारी और उसका लाकर खुला हुआ था उसने लाकर के भीतर देखा तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवर गायब थे करीब पांच लाख रुपये के जेवर वहां नहीं थे। इससे आशंका जताई गई कि किसी अज्ञात आरोपित ने आलमारी में रखे जेवर को चोरी करने के बाद उसने घर में आग लगा दी होगी घटना की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है।

### भिलाई को भारत में रोल मॉडल के रूप में स्थापित करें विधायकः आशा दीदी

**भिलाई, 25 दिसम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात् नवनिर्वाचित विधायक रिकेश सेन एवं देवेंद्र यादव का भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने तिलक लगाकर परमात्म स्मृति सौगात देकर सम्मानित किया। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि भिलाई की जनता ने जो सेवा की जिम्मेवारी का ताज इनको दिया है वे अपनी मेहनत द्वारा भिलाई को भारत वर्ष में रोल मॉडल के रूप में स्थापित करें। वैशाली नगर विधान सभा विधायक रिकेश सेन ने ब्रह्माकुमारी संस्था की विश्वव्यापी अथक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा की हमें आप सभी के जीवन से प्रेरणा मिलती है। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा की इस प्रांगण में आकर शांति की जो अनुभूति होती है वह हमें बहुत शक्ति प्रदान करती है। सभी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी किया।

# मेरा लक्ष्य छत्तीसगढ़ का समग्र विकासः विजय शर्मा

## छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास को मिलेगी नई राह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 25 दिसंबर।** दुष्यंत कुमार की इन पंक्तियों को अपने जीवन का आधार बनाने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री और कवर्धा के जन-जन की आवाज बने विजय शर्मा ने पदभार ग्रहण करते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री अरूण साव के साथ मिलकर राष्ट्रीय फलक पर राष्ट्र के उन तमाम कर्णधारों से सौजन्य भेंट कर कवर्धा शहर की धार्मिक पौराणिकता और ऐतिहासिकता की जानकारी दी और आधुनिक युग से कदमताल करने के लिए केन्द्रीय सरकार का मार्गदर्शन और सहयोग मांगा।

विदित हो कि केन्द्रीय रेलमंत्री से मुलाकात करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उन्हे अवगत कराया कि सन 2018 में केन्द्र सरकार द्वारा डोंगरगढ-कटघोरा रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी और प्रारंभिक तौर पर रेल मंत्रालय द्वारा सर्वे व प्रारंभिक कार्यो के लिए 500 करोड़ की राशि मुहैय्या करायी गयी थी। जिसमे से छत्तीसगढ़ की तात्कालिन सरकार ने 1 रूपए भी व्यय न कर कबीरधाम जिले के बरसों के संचित स्वर्ण आकांक्षा को पूरा नहीं किया, उसे पुनः नवगति-नवलय के साथ प्रारंभ किया जाय। डिप्टी सीएम श्री विजय शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमे रेल लाईन सुविधा की सौगात दी है। उन्होंने बताया कि लगभग छह हजार करोड़ रूपए की 295 किलो मीटर कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाईन पांच जिलों-कोरबा, बिलासपुर, मुंगेली, कवर्धा तथा राजनांदगांव से होकर गुजरेगी। इस परियोजना में 27 स्टेशन प्रस्तावित है, जिनमें कटघोरा, जमानीमुड़ा, करतला, करतला, बेलतरा, नेवसा, रतनपुर, लामेर, गनियारी, खम्हरिया, तखतपुर, कोसमा, मुंगेली, कंवलपुर, सोमनापुर, बोरदुली, कवर्धा, धनेली, धनगांव, जंगलपुर, गंडई, मुरई, छुईखदान, खैरागढ़, प्रकाशपुर, घोघेडबरी, बेलगांव और डोंगरगढ़ शामिल है। लंबित रेलवे लाईन विस्तार होने के छत्तीसगढ़ के विकास को नई राह मिलेगी। रेल परियोजना से जिले के विकास को और अधिक गति मिलेगी। कबीरधाम जिला प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं है। रेल लाईन के विस्तार से पर्यटन, उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। रेलमंत्री ने आश्वस्त किया है कि विकास के राजपथ पर कबीरधाम जिला भी आरूढ होगा और रेल मंत्रालय इस दिशा में त्वरित प्रयास प्रारंभ करेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार के नवगठन उपरांत 23 दिसम्बर को पहली बार दिल्ली पहुंचे छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व श्री अरुण साव देश के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, रेलमंत्री श्री अश्वनी वैष्णव सहित कई दिग्गजों से सौजन्य मुलाकात की।

केन्द्रीय शासन के प्रमुख आधार स्तंभ से भेंट के उपरांत डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने धर्म नगरी कवर्धा के ऐतिहासिकता और आदिम जन जीवन के सांस्कृतिक पक्ष को अत्यंत मनोयोग से जाना और उनके समग्र उत्थान के लिए अनेक सुझाव भी दिए। डिप्टी सीएम श्री विजय शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, शैक्षणिक और उनके समग्र विकास एवं उत्थान पर विशेष चर्चा की गई। यहा बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में पांच विशेष पिछड़ी जनजातियां बैगा, अबूझमाड़िया, कमार, पहाड़ी कोरबा और बिरहोर निवासरत है। छत्तीसगढ़ में कबीरधाम प्रदेश का एक मात्र ऐसा जिला है, जहां विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल बैगा जनजाति की सर्वाधिक जनसंख्या और आबादी इस जिले में निवास करती है। मैकल पर्वत श्रृंख्ला से लगे जिले के बोडला और पंडरिया दो विकासखण्ड के सूदूर और दुर्गम पहाड़ियों पर अधिकांश बैगा बसाहवट गांव है। जिले में कुल 263 चिन्हांकित विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति की गांव, बसाहवट है। जिसमें सर्वाधिक गांव बोडला विकाखसण्ड में है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में एसपी ने मैदान में दिखाया खेल कौशल, लगाया छक्का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 25 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर के दिशा-निर्देश में थान क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तारतम्य में थाना झलमला अंतर्गत ग्राम अंजना और सामनापुर मे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का जब शुभारंभ करने पहुंचे तो उन्होंने पिच पर उतरकर बल्लेबाजी में छक्का चौका लगाकर अपना जौहर दिखाया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने क्रिकेट कब्बड्डी प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच विजेता खिलाड़ी को यातायात जागरूकता के लिए हेलमेट प्रदान किया। उन्होंने ग्राम अंजना के आयोजन समिति को 10 हजार रुपये सहयोग के रूप मे प्रदान किया। ग्राम अंजना मे 28 टीम और ग्राम सामनापुर मे आयोजित प्रतियोगिता मे 35 टीमो ने भाग लेकर बेहतर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने युवाओं को खेल, मेहनत, सकारात्मक सोच और भविष्य के लिए मेहनत करने के लिए बताया। उन्होने यातायात नियमों को विस्तारपूर्वक समझाया गया और हम सब को इन नियम का पालन करना चाहिये ताकि वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके। धोखाधड़ी से बचने और धोखाधड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों से दूर रहने तथा उनके रोकथाम के उपाय सभी को बताया गया। जिससे वनांचल क्षेत्र को नशामुक्त , अपराधमुक्त बनाया जा सके।

खेल को खेल भावना से खेलें = एसपी डॉ. पल्लव

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव ने कहा कि क्रिकेट और कब्बडी काफी लोकप्रिय खेल है. खेल में हार जीत तो लगी रहती है. हारने वाली टीम को हार से कुछ सीख मिलती है. खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए. साथ ही खेल से शारिरिक विकास होता है. वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने में गाव के सभी सदस्यों ने अपना योगदान दिया.

**पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने बल्लेबाजी में दिखाया अपना जौहर :** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव थाना झलमला अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम अंजना और सामनापुर मे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का जब शुभारंभ करने पहुंचे तो उन्होंने पिच पर उतरकर बल्लेबाजी में अपना जौहर दिखाया। खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच जब हाथ में बल्ला थामा तो एसपी डॉ. पल्लव की बल्लेबाजी पर सबकी नजर थी। जैसे ही बालिंग शुरू की एसपी डॉ. पल्लवने जोरदार शाट लगाया। एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए उन्होंने छक्के जड़ दिए।

## समाचार संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**कवर्धा 25 दिसंबर।** गांव मिरमिट्टी में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने सुपरलीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों ने पौधा भेंटकर रामकृष्ण साहू का सम्मान किया । मुख्य अतिथि रामकृष्ण साहू ने उद्बोधन में कहा की खेल से शरीर का मानसिक विकास और बेहतर स्वास्थ्य होता है । सरपंच , समाजसेवी महावीर अग्रवाल , ग्रामीण उपस्थित रहे । जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने बेटिंग कर चौका मारकर खिलाड़ियों का दिल जीता और रामकृष्ण की बेटिंग देखकर मुग्ध हुए ।

### प्रिज्म पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**उतई 25 दिसंबर।** प्रिज्म पब्लिक स्कूल महकाखुर्द एवम उतई, का ग्यारहवां वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया। सरोज गोपाल एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित प्रिज्म पब्लिक स्कूल महकाखुर्द ,उतई, में ग्यारहवां वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया।जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के कर कमलों के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया द्य मुख्य अतिथि देवांश सिंग राठौर एस डी ओ पी (पाटन) थे द्य मुख्य अतिथि के रूप में देवांश सिंग राठौर ने जीवन में खेल एवं खेलों का महत्व बताते हुए अभिभावकों से बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी प्रोत्साहित करने की बात कही। संस्था के चेयरमैन रुपेश कुमार गुप्ता ने कहा की खेल भावना से सकारात्मक सोच बढ़ती है एवं खेल एकता का प्रतिक बताते हुए सभी खिलाड़ियों को ढेर सारा शुभकामनाये दिये। श्रीमती केमलता साहू ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन एवम् हैप्पीनेस के विषय में जानकारी दी। प्राचार्या श्रीमती स्वर्णलता पाल ने बच्चों को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पोषक आहार लेने हेतु प्रोत्साहित किया। विजेता प्रतिभागियो को पुरुस्कार वितरण मुख्य अतिथि, संस्था के चेयरमैन द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम में ड़ॉ अंजना शरद, श्रीमती पारामिता मोहन्ती ,श्रीमती ख्याति साहू ,श्रीमती अंजनी गुप्ता , केमलता साहू ,अंजू शर्मा स्वर्णलता पाल, खेल प्रशिक्षक श्री वेद प्रकाश जोशी एवं समस्त शिक्षकगण उपास्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का सफल सञ्चालन मधु कुमारी एवं भूमिका साहू मैडम ने किया।

### साजा में मनाया गया सुशासन दिवस

**साजा 25 दिसंबर।** नगर पंचायत साजा में सुशासन दिवस के अवसर पर आज सुबह से जय स्तंभ चौक साजा, कंपोजिंग शेड की विशेष सफाई अभियान चलाया गया साथ ही जन प्रतिनिधि समाजसेवी ,गणमान्य नागरिक , उपस्थिति में नगर पंचायत साजा कार्यालय भवन साजा में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेई के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया जिसके पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधी एवं आम जनता को सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर पार्षद दुर्गा गोयल, किसन लाल सागरवंशी, संतोष यादव, अरुण वर्मा, नारद देवांगन, नरेन्द्र निर्मलकर, जितेन्द्र साहू,होरी साहू, पवन सेन, भारत भूषण ठाकुर, ठुबलू राम सिन्हा, केशव साहू, चंद्रप्रकाश वर्मा, रोहित साहू, मनोज यादव, दुकालु यादव, राघवेंद्र, गजानंद, राजेश, सुंदर, नंद कुमार यादव, सहित अनेक नागरिक उपस्थित हुए ।

### ललित चंद्राकर ने बाबा गुरु घासीदास की पूजा अर्चना व आरती की

**उतई 25 दिसंबर।** दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने शनिवार को सतनामी आश्रम कल्याण समिति सांस्कृतिक भवन में बाबा गुरु घासीदास की पूजा अर्चना आरती किए ललित चंद्राकर ने कहा कि सतनाम भवन समाज के लोगों के विचारों को गति देने के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में जाना जाता है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गारंटी योजना बनाई गई और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास गति में रफ्तार आयेगी 7 उन्होंने कहा कि जो हमारा जीवन है उसका उद्देश्य एक दूसरे के काम आए एक दूसरे की मदद करे।

# भगवान श्रीराम एवं राम मंदिर पर 125 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 दिसम्बर।** सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे सैकड़ों कलाकारों ने भगवान श्री राम एवं राम मंदिर पर 125 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण किया। संस्कार भारती के सान्निध्य में खैरागढ़, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, कोंडागांव, सरगुजा, दुर्ग, भिलाई जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आए नामचीन कलाकारों ने पेन्टिंग बनाकर अपने खुशी का इजहार किया है। यह प्रदर्शनी पूरे एक सप्ताह तक दर्शकों के अवलोकनार्थ सुबह से रात तक निशुल्क खुला रहेगा साथ ही इन सातों दिन संध्याकाल में राम के जीवन पर आधारित विविध आयोजन भी होंगे। ज्ञात हो कि विगत 400 साल के इंतजार के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना हो रही है। इससे हर धर्म और हर संप्रदाय के कलाकार यहां इकट्ठे होकर पेन्टिंग बना रहे हैं। इसमें कोई राम भगवान के बचपन का चित्रण कर रहा है तो कोई केवट द्वारा नदी पार करवाने का दृश्य बना रहा है। कोई ताड़का तो कोई रावण वध, कोई मारीच तो कोई राम मंदिर का दृश्य अंकन कर रहा है। सुबह 9 बजे से जारी इस आयोजन के मुख्य अतिथि आचार्य महेश चंद्र शर्मा, विशिष्ठ अतिथि संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय तथा लता मंगेशकर से गीत गवाने वाले मदन शर्मा व राष्ट्रपति पुरस्कृत गुरूजी परसराम साहू, आर.डी. बर्मन उपस्थित थे। पेन्टिंग बनाने वाले

कलाकारों में प्रमुख रूप से प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, हरीसेन, रोहिणी पाटणकर, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, मीना देवांगन, मनीष ताम्रकार, हरीश देवांगन, प्रभु चरण जेना, वीरेंद्र पटनायक, दासरथी भोई, सारिका गोस्वामी, गुंजन शर्मा, धीरज साहू, मूर्तिकार अशोक देवांगन, सत्यवती शुक्ला, इंद्रजीत, अभिमान, सार्थक ताम्रकार, उत्तर कुमार साहू, सुनीला, निधी, लक्की, धनीश, होनिक, देवदत्त, सेजल, अभिषेक सपन, अनन्या, गुरलीन, नरेश सपहा, यश, याना, शुभांगी, प्रेमचंद साहू जैसे नामचीन कलाकारों की फौज के अलावा छोटे छोटे बच्चे भी चित्रकारी करने के लिए टूट पड़े थे। जिससे आज सिविक सेंटर का पूरा परिसर ही राममयी वातावरण में सराबोर हो उठा था बल्कि यूं कहें कि छोटा पड़ गया था। कार्यक्रम का ओजस्वी संचालन लल्लेश्वरी साहू तथा नरोत्तम साहू ने किया 7 मंचीय संयोजन पी. वाल्सन, राम पाटणकर, विजय शर्मा, दीपक पराशर, प्रशांत क्षीरसागर, रूपा साहू, संस्कार भारती के ज्योति गुप्ता, अरविंद गुप्ता, मंत्री हेमंत सगदेव और जिला उपाध्यक्ष अंकुश देवांगन ने किया। यहां प्रतिदिन संध्या 5-30 से 7-30 बजे तक संस्कार भारती के तत्वावधान में अगले रविवार तक राममयी कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सोमवार और मंगलवार को स्वरचित काव्य पाठ बुधवार को रामायण के पात्रों पर संवाद गुरुवार को विद्यार्थियों द्वारा स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता, शुक्रवार को राम भजन, शनिवार को रघुकुल के आदर्शों पर विचार गोष्ठी तथा अंतिम दिन रविवार को रंगोली के साथ ही समस्त कलाकारों का सम्मान सांसद विजय बघेल के हाथो किया जाएगा।

# श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

**सिंघनपुरी/ कवर्धा 25 दिसंबर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए प्रतिबध्द श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा का वार्षिक उत्सव झंकार का तीन दिवसीय रंगारंग आयोजन किया गया। इस आयोजन के प्रथम दिवस कक्षा नर्सरी से कक्षा - 1लींतक के बच्चों की प्रस्तुति जिनमें बच्चों ने फिल्मी गीतो देश भक्ति गीतो , बार्वी डॉल व पंचतंत्र के नाटको को प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे दिवस कक्षा 2रीं से 6वीं तक की प्रस्तुति में बीहू डांस, रैन डांस, माता की आरधना व प्रभू राम की भक्ति से समूचा जनसैलाब से सराबोर हो गया। इस दिवस बच्चों पर केन्द्रित ड्रामा चाइल्ड लेबर को लोगो ने खुब सराहा वही तीसरे दिवस की प्रस्तुति बिल्कुल भावविभोर कर देने वाली थी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री चुडामणि सिंह जी, जिला वन मंडलाधिकारी, अध्यक्षता डॉ. पी.पी. चन्द्रवंशी विशिष्ट अतिथि श्री जगतारण डहरिया, श्री बसंत यादव, डॉ. आदित्य श्रीवास्तव मौजुद रहे। इसी दिवस विद्यालय के कक्षा 10 वीं के टॉपर्स धनराज डहरिया, राशी यादव व मानवेन्द्र धुर्वे को क्रमशरू 12ए000ए 10ए000व 8ए000ध्का चेक प्रदान किया गया साथ ही सत प्रतिशत उपस्थिती हेतु सावित्री श्रीवास व विभिन्न नेशनल व राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में 'ाामिल कुल 60 से अधिक खिलाडियों का सम्मान किया गया। इस आयोजन के संबध मे मुख्य अतिथि ने अपना बचपना दोबारा दिखने की बात कही विशेष आकर्षण के रूप में उरी अटेक का जीवंत चित्रण तो वहीं दूसरी ओर करतन व रोमांच से भरा कांतारा डांस, शिव भक्ति से सराबोर नमामी डांस, माता का गरबा, नवदुर्गा, काली चरित्र सहित श्री देवी माधुरी व गोविन्दा के सुपरहिट गानो की प्रस्तुती दी गयी। साथ ही सोशल मीडिया पर आधारित ड्रामा को भी पसंद किया गया।

### आपसी विवाद में हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई 25 दिसंबर।** महीनेभर पहले खुर्सीपार में एक युवक की पुराने विवाद के चलते हत्या हुई थी इस हत्याकांड में खुर्सीपार पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है मृतक के परिवार वाले और आरोपित के परिवार वाले अब भी खुर्सीपार में ही रहते हैं दोनों परिवार के बीच अब भी मनमुटाव वाली स्थिति है इसके चलते हत्या के एक आरोपित के भाई ने मृतक के भाई को धमकी दी है कि वह उसके पूरे परिवार वालों की हत्या कर देगा। इसके बाद पीड़ित ने खुर्सीपार थाने में घटना की शिकायत की है इसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है करीब महीनेभर पहले खुर्सीपार में विजय पासवान की हत्या हुई थी। इस हत्याकांड में खुर्सीपार पुलिस ने आरोपित भूषण साहू, सुमित गेंदले और जुगनू नाम के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था हत्याकांड का कारण ये था कि आरोपित भूषण साहू की भाभी से मृतक विजय पासवान का अवैध संबंध था इसके चलते भूषण साहू के भाई का परिवार टूट गया था इस बात को लेकर सालभर पहले उनके बीच मारपीट भी हुई थी इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपितों ने उसकी हत्या कर दी थी हत्याकांड के बाद भी मृतक और आरोपितों के परिवार के बीच विवाद की स्थिति बन रही है बीते 19 दिसंबर की सुबह एक आरोपित सुमित गेंदले के बड़े भाई ईश्वर गेंदले ने मृतक विजय पासवान के भाई प्रकाश पासवान को धमकी दी है आरोपित ने उसे धमकाया है कि अभी सिर्फ एक व्यक्ति का गला कटा है अब पूरे परिवार की हत्या होगी पीड़ित प्रकाश पासवान ने खुर्सीपार थाना में घटना की शिकायत की जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धमकाने की धारा के तहत प्राथमिकी की है।

## संगठन की सामाजिक पत्रिका चेतना का विमोचन किया गया

# कान्यकुब्ज समाज का पारिवारिक परिचय सम्मेलन संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 दिसम्बर।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच द्वारा कान्यकुब्ज समाज के पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार को सुबह सेक्टर 1 स्थित मानव आश्रम में किया गया। समारोह में कौस्तुभ सम्मान एवं समाज गौरव सम्मान के साथ संगठन की सामाजिक पत्रिका चेतना का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात अर्थशास्त्री और पं. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति पंडित अरुण दिवाकरनाथ बाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में तथा आई जी (पुलिस), रायपुर डॉ संजीव शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इनके साथ रायपुर कान्यकुब्ज समाज के पूर्व अध्यक्ष और वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष विरेन्द्र पांडे, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के संरक्षक और भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक बी एम के बाजपेयी, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के अध्यक्ष एवं उद्योगपति यू के दीक्षित, मंच के उपाध्यक्ष एस के दीक्षित, महासचिव आर के मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। वर्ष 2023 में एन पी दीक्षित और श्रीमती रानी तिवारी

को कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 में सुश्री ज्योत्सना मिश्रा को उनके रिसर्च के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए और श्रीमती शिखा तिवारी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आज आपके और अपने समाज के कार्यक्रम में आने की प्रसन्नता हैं। उन्होंने ब्राह्मण समाज और खास कर कान्यकुब्ज समाज के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी और युवाओं को विकसित करने की आवश्यकता है। जिस भी क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़ना चाहते हैं उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करके श्रेष्ठ बनना होगा और समाज का नेतृत्व करना होगा। इसके लिए आज के दौर के सफल व्यक्ति गाईड कर सकते हैं। उन्होंने वोट, राजनीति, धर्म और संख्या की चर्चा करते हुए कहा कि ब्राह्मणों को देश और समाज को दिशा, विचार और मार्गदर्शन देने वाले नेतृत्वकर्ता बनने की भूमिका को बनाये रखना होगा। उन्होंने शिक्षा और महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हर घर में हर व्यक्ति पोस्ट ग्रेजुएट से कम शिक्षित न हो। बिना शिक्षा के विकास और उन्नति संभव नहीं है। प्रथम उद्घाटन सत्र के पश्चात पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसे विभिन्न शहरों से आयें परिवारों ने अपना और विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय दिया। समारोह के अंत में कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के उपाध्यक्ष संतोष दीक्षित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेष अतिथि डॉ संजीव शुक्ला, बी एम के बाजपेयी ने भी समारोह को संबोधित किया। प्रारंभ में यू के दीक्षित ने अतिथियों का स्वागत किया और महासचिव आर के मिश्रा ने समाज की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश शुक्ला, अतुल अवस्थी, सुश्री रमा अग्निहोत्री और श्रीमती ज्योति तिवारी ने किया। समारोह में रायपुर कान्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला, महासचिव सुरेश मिश्रा, नागपुर कान्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष बच्चू पाण्डेय एवं उनकी कार्यकारिणी के सदस्य, बिलासपुर के कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच के बी के पाण्डेय, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, भिलाई के महासचिव पी के तिवारी, राजनांदगांव कान्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा, राधे गोविन्द बाजपेई, वी एन दीक्षित, अजय शुक्ला, जवाहर बाजपेई, शशिकांत मिश्र, आर के दीक्षित, गुरु प्रसाद तिवारी सहित समाज के अन्य वरिष्ठ सदस्य और सहयोगी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सुशासन दिवस पर नांदगांव में स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव 25 दिसम्बर।** शासन के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती दिनांक 25 दिसम्बर 2023 को सुशासन दिवस मनाये जाने की कडी में नगर निगम द्वारा प्रातः स्वच्छता अभियान एवं संध्या 5 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में अटल जी कविता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जा रहा है, जिसके तहत प्रातः 8 बजे अटल विहार कालोनी यातायात नगर के पीछे स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा, इसके अलावा अटल संध्या के तहत शाम 5 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में अटल जी कविता पाठ का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कविता पाठ में छ.ग. साहित्य समिति के अध्यक्ष श्री आत्माराम कोशा आमात्य, श्री प्रदीप पाण्डे दुर्ग, श्री अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा पिनकापार, श्री ओमवीर करण दुर्ग एवं श्री विरेन्द्र तिवारी वीरू अर्जुनी अटल जी की कविता का पाठ करेंगे। कविता पाठ के पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### स्वच्छता अभियान के तहत शहर के शौचालयों की मरम्मत

**राजनांदगांव 25 दिसंबर।** भारत सरकार के आव्हान तथा शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर शहर के शौचालयों का मरम्मत कर सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। महिला, स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा शौचालयो का निरीक्षण कर फिडबैक भी लिया जा रहा है। शासन निर्देशानुसार आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत शहर में स्थित सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रख रखाव करने तथा आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये थे, जिसके तहत सीटीपीटी व यूरीनल पर पर्याप्त जल व्यवस्था, विद्युत व सीवर लाईन का बेहतर प्रबंधन करने के अलावा दरवाजा, खिडकी आदि मरम्मत किया गया। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन आदेशानुसार सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत संधारण किया जा रहा है। स्वच्छ एवं सुंदर शौचालय के लिये भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, प्रतियोगिता के लिये टायलेट की ग्रेडिंग, एनयूएलएम अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा किया जाना है। राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की स्व सहायता समूह द्वारा शासन मापदण्ड के अनुरूप निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों से भी साफ सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने, शौचालय का उपयोग करने, गंदगी न फैलाने अपील की जा रही है।

### चरणदास ने क्रिसमस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायपुर, 25 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रभु जीसस क्रिस्ट के जन्मदिन क्रिसमस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। डॉ. महंत ने कहा, त्याग, बलिदान, मानवता, प्रेम के प्रतीक विश्व विख्यात प्रभु यीशु मसीह के मानने वालों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। क्रिसमस ईसाई समुदाय का सबसे प्रमुख त्योहार है जो हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में इसे प्रभु यीशु के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस ना सिर्फ धार्मिक मायनों में एक महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है, बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है. इस दिन एक दूसरे को उपहार दिए जाते हैं और प्यार व खुशियां बांटी जाती हैं।

### भेडीकला में सुशासन दिवस मनाया गया

**राजनांदगांव 25 दिसंबर।** ग्राम पंचायत भेड़ीकला में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। जिसके तहत सुबह 9 बजे ग्राम भेड़ीकला के कालिका चौक की साफ़ सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया एवम प्रातः 10 बजे अटल स्तंभ के पास स्व श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर श्री फल का प्रसाद वितरण किया गया, तत्पश्चात ग्राम पंचायत में माननीय स्व श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जीवनी का वाचन किया गया एवम उपस्थित ग्रामीणों को सुशासन दिवस के सम्बन्ध में शपथ दिलाया गया द्य इस अवसर पर सरपंच कृष्णा साहू, उपसरपंच अजीत राम देवांगन, पंच सुरेंद्र निषाद, सालीक साहू ,प्रदीप जी आदि ग्रामीण गण की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। डॉ प्रेम देवांगन जी पशु चिकित्सक, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### आबकारी अधिकारियों एवं उपनिरीक्षकों को सौंपे गए गए प्रभार

**महासमुंद 25 दिसंबर ।** जिले में आबकारी राजस्व की सुरक्षा, उपलंभन कार्य, आबकारी अपराधों के नियंत्रण एवं प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से सहायक जिला अधिकारियों एवं आबकारी उपनिरीक्षकों के वर्तमान प्रभार में संशोधन करते हुए आबकारी अधिकारी ने आबकारी वृत्तों, मदिरा दुकानों एवं आबकारी जांचों चौकियो से संबंधित प्रभार के कार्य संपादन के लिए आगामी आदेश पर्यंत तक आदेशित किया गया है। जिसमें श्री निधीश कुमार कोष्ठी सहायक जिला आबकारी अधिकारी को जिला आबकारी कार्यालय महासमुंद तथा छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड जिला महासमुंद का कार्यालयीन कार्य एवं मंडल महासमुंद का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार श्री उत्तम बुद्ध भारद्वाज सहायक जिला आबकारी अधिकारी को मंडल सरायपाली, वृत्त सरायपाली, आबकारी जांच चौकी खम्हारपाली का प्रभार सौंपा गया है।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी समूह को सशक्त बनाना: मुख्यमंत्री

**रायपुर 25 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रशासनिक अमला राज्य के विशेष पिछड़ी जनजातियों को पोषण चौपाल के माध्यम से जागरूक कर कर रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पूरा प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से पोषण चौपाल लगाकर विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत करा रहे हैं। इस दौरान प्रशासन की तरफ से कड़ी ठंड को देखते हुए पीवीजीटी समूह के सदस्यों को स्वेटर, कंबल सहित खाद्यान्न सामग्री का भी वितरण कर रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के पीवीजीटी समूहों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अधिकारियों ने पोषण चौपाल लगाकर पौष्टिक आहार के संबंध में उन्हें जानकारी देकर जागरुक एवं प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखंड के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में शिविर एवं बसाहट, टोलापारा, मोहल्ला में सर्वे किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूरे राज्य में सर्वे के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं ताकि चिन्हांकित सभी पी.वी.टी.जी. समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर उन्हें लाभ प्रदान कराया जा सके और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाई जा सके।

गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# विकासखण्ड छुरिया अंतर्गत ''विकसित भारत संकल्प यात्रा''

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 25 दिसंबर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का विकासखण्ड छुरिया के ग्राम पंचायत शिकारीटोला एवं झिथराटोला में आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का वेन आगमन सुबह 10:30 बजे ग्राम पंचायत शिकारीटोला में हुआ। स्वागत समिति द्वारा वेन का स्वागत किया गया, तत्पश्चात माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य की जानकारी वेन के माध्यम से चलचित्र प्रसारण कर दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, अध्यक्षता श्री रविन्द्र वैष्णव, जिला संयोजक राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि कांति लाल साहू, श्री नैनसिंग पटेल मंत्री भाजपा मंडल छुरिया श्रीमती किरण साहू,श्रीमती संगीता यादव, प्रीतम साहू किशोर टेमरे सरपंच पदुम साहू,पतिराम साहू,मोहन साहू,शांता पंचारे एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में विकसित भारत के लिए अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया के द्वारा शपथ दिलाया गया। इसी क्रम में



पर्यावरण सरंक्षण व जैविक कृषि को बढ़ावा देने पर आधारित सांस्कृति प्रस्तुति-''धरती कहे पुकार के'' की प्रस्तुति स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा की गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' अंतर्गत अपना अनुभव साझा किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड डेमोटेश्न एवं प्रगतिशील किसानो के साथ जैविक कृषि पर बातचीत कर जैविक कृषि को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। वेन के माध्यम से ऑन स्पॉट क्विज प्रतियोगिता में स्कूली छात्र-छात्राओं, ग्रामीण एवं उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया गया। क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को टी-शर्ट व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरूष्कृत व सम्मानित किया गया। कृषि विभाग द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न विभागो द्वारा केन्द्र सरकार की योजनांतर्गत - प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्री ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एवं अन्य विभाग द्वारा स्टॉल/शिविर लगाकर आवेदन भी प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा संबोधन किया गया तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफल आयोजन के लिए जनपद पंचायत छुरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्री एस.के. ओझा, अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आसराम कंवर, श्री मोहित पडोती कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, एवं सभी विभागीय अधिकारी/कर्मचारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# भिलाई-चरौदा निगम में मनाया गया सुशासन दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 25 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा आज सोमवार दिनांक 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म तिथि 25 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसके फलस्वरूप आज भिलाई-चरौदा निगम सभागार में सुशासन दिवस पर शपथ लेकर जन जन तक शासन के कार्यों को पहुंचाने का संकल्प समस्त उपस्थित जनों के द्वारा लिया गया । इसके पूर्व सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर सभी गणमान्य जनो के द्वारा वाजपेयी जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को आरंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की कैसे उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता। श्री त्रिपाठी ने कहा कि वाजपेयी जी का जीवन भारत की जनता के लिए समर्पित रहा। अधिकांश समय राजनीति में विपक्ष में रहते हुए वे भारत के लोगों की




आवाज उठाते रहे। बाद में वह भारत के 03 बार प्रधानमंत्री रहे। इस दारौन अनेक जन कल्याण कारी निर्णय लेकर उन्होने अविस्मर्णिय कार्य किये। सुशासन दिवस के आज के कार्यक्रम में निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री रामखिलावन वर्मा, श्री चंद्रप्रकाश पांडेय ने भी संबोधित किया। तथा स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर ने कार्यक्रम का संचालन किया। साथ ही पार्षद फिरोज फारूकी, प्रेमलता चंद्राकर, ललित यादव, अर्पणा सुब्रत दास गुप्ता, पूर्व पार्षद तुलसी मरकाम उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम के सहायक अभियंता देवेन्द्र पांडेय, सहा. अभियांता प्रशांत शुक्ला, सहा.राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, विक्टर वर्मा, मुकेश रात्रे, सुरेश नासरे, राजू वर्मा, यशवंत ठाकुर, शत्रुहन सिन्हा, राकेश जोशी, भूपेन्द्र कुमार, श्याम सुन्द्रर सिंह, पुरानिक साहू, टिकेन्द्र शर्मा कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### अवैध धान भण्डारण छापामार कार्रवाई

**अम्बिकापुर, 25 दिसम्बर।** अवैध धान भण्डारण और परिवहन पर कार्रवाई करने जिला प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशन में कोचियों-बिचौलियों पर लगातार नजर रखकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की टीम ने बड़ी छापेमार कार्यवाही की, जिसमें अलग-अलग स्थानों से 1940 बोरी धान जब्त किया गया। टीम द्वारा सूचना प्राप्त होते ही तत्काल विकासखण्ड अम्बिकापुर के महामाया ट्रेडिंग से 310 बोरी अवैध धान, जेके ट्रेडिंग से 400 बोरी अवैध धान , आदर्श ट्रेडिंग से 300 बोरी अवैध धान एवं कृष्णा ट्रेडिंग से 800 बोरी अवैध धान जब्त कर लिया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड सीतापुर के ग्राम भवराडांड के अमित किराना दुकान से कुल 25 बोरी अवैध धान, ग्राम सहनपुर के राधा जनरल स्टोर से 35 बोरी अवैध धान, ग्राम मुरता के गुप्ता जनरल स्टोर से कुल 20 बोरी अवैध धान तथा ग्राम आमाटोली के गुप्ता स्टोर से कुल 50 बोरी अवैध धान जब्त कर लिया गया।

### अज़ीज़ पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव सम्पन्न

**राजनांदगांव 25 दिसंबर।** अज़ीज़ पब्लिक स्कूल इंदमारा का वार्षिक उत्सव भव्य रूप से बनाया गया। सीबीएसई एफिलेशन मिलने के बाद शाला का ये प्रथम वार्षिक उत्सव है। समारोह के मुख्य अतिथि मोहित गर्ग , अंजुम अल्वी , श्रीमती तनाज़ अज़ीज़, दानिश एवं श्रीमती फरजाना अली (मेंटर) श्रीमति शदफ उपस्थित थे। कार्यक्रम कला उत्सवम का मुख्य आकर्षण साउथ इंडिया पर आधारित थे, जिसमे कांतरा, अघोरी, ओनम नृत्य, क्लासिकल नृत्य, बंगाली नृत्य, हिंदी नाटक एव वेस्टर्न स्टाइल बॉलीवुड जैसे कार्यक्रमों ने सांस्कृतिक विविधता दर्शाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत शिक्षक श्याम हाजरा और तरुण गढपायले द्वारा सर्वधर्म समभाव पर आधारित प्रार्थना से की गई। वार्षिक सम्मेलन के मुख्य कोरियोग्राफर डांस शिक्षक हर्षित साहू एवं अन्य शिक्षकगण शामिल हैं। अज़ीज़ पब्लिक स्कूल इस वर्ष से गवर्मेंट के लाइफ प्रोजेक्ट से जुड़ गाया है जिसके उद्देश को नृत्य नाटिका के ज़रिए दिखाया गया और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण में पहल करते हुए .. शाला परिसर में नो सिंगल यूस प्लास्टिक के मोटो के साथ व्यवस्था की गई, शाला प्राचार्य पाल सिंह ठाकुर जी ने अपने सारगर्भित प्रतिवेदन में शाला की गौरवशाली गतिविधियो को बताया तथा शिक्षकों के साथ शाला को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।

# 38 मवेशियों को पुलिस ने किया गया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली राजनांदगांव पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य से महाराष्ट्र राज्य के बूचड़खाने मवेशियों को ले जाने वाले वाहनों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कि आज दिनांक 24/12/2023 को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि एक लाल रंग का टाटा आयशर ट्रक क्रमांक सी0जी0 04 एन.एस.-4056 में सोमनी क्षेत्र से मवेशियों को भरकर नागपुर महाराष्ट्र के बुचड़खाने ले जा रहे है, कि सूचना पर तत्काल थाने से स्टॉफ एवं पेट्रोलिंग पार्टी को भाजपा कार्यालय के पास मेन रोड़ राजनांदगांव में भेजकर नाकेबंदी पर लगाया गया। कि सुबह करीब 09:45 बजे सोमनी की ओर से मेन रोड़ पर एक लाल रंग का ट्रक आते दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ने के दौरान उक्त ट्रक का चालक पुलिस को देखकर ट्रक को छोड़कर भाग गया, जिसका काफी खोजबीन करने पर पता नहीं चला। टाटा आयशर ट्रक



क्रमांक सी0जी0 04 एन.एस.-4056 को चेक करने पर ट्रक के अंदर 06 नग सफेद गाय, 08 नग लाल गाय, 08 नग काली गाय, 04 नग लाल बछिया, 02 नग सफेद बछिया, 02 नग काली बछिया, 07 नग लाल बछड़ा एवं 01 नग सफेद बछड़ा कुल 38 नग कमजोर अस्वस्थ मवेशियों को वाहन में ठूस-ठूस कर क्रुरता पूर्वक भरा गया था, वाहन में प्रर्याप्त हवा, पानी, चारे की इंतजाम नही था। आरोपी वाहन चालक द्वारा अपने ट्रक में मवेशियों को कुरता पूर्वक भरकर छत्तीसगढ़ राज्य से दिगर प्रान्त महाराष्ट्र राज्य के बुचड़खाना कत्ल करने ले जाते पाये जाने पर मौके पर घटना स्थल से उक्त ट्रक एवं मवेशियों को जप्त कर मवेशियों का पशु चिकित्सक से मुलाहिजा कराकर पिजरापोल गौशाला राजनांदगांव को देखरेख उपचार हेतु सुरक्षार्थ सुपूर्दनामें पर दिया गया।

**अटल विहार कालोनी सहित नंदई, काली माई मंदिर के पास ब्राह्मण पारा व रानीसागर चौपाटी के पास चला स्वच्छता अभियान**

# सुशासन दिवस पर नगर निगम का स्वच्छता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 दिसम्बर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती दिनांक 25 दिसम्बर 2023 को सुशासन दिवस मनाये जाने की कडी में नगर निगम द्वारा आज प्रातः जन प्रतिनिधियों की सहभागिता से श्रम दान कर शहर के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, श्री अशोक शर्मा व श्री अभिषेक सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु सहित निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता,प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, पार्षदों, जन प्रतिनिधियो तथा अधिकारियों व कर्मचारियों ने अटल विहार



कालोनी सहित नंदई, ब्राम्हण पारा काली माई मंदिर के पास एवं रानीसागर चौपाटी के पास स्वच्छता अभियान से जुडकर श्रम दान कर साफ सफाई कर कटिली झाड़िया काटकर, झिल्ली पन्नी व कचरा उठाये। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलितकर किया गया। स्वच्छता अभियान के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि आज से शासन आदेशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती दिनांक 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाना है, जिसके तहत 25 दिसम्बर से एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान चलाना है, साथ ही 25 को ही संध्या अटल जी कविता पाठ का आयोजन किया जाना है। इसी कडी में आज प्रातः अटल विहार कालोनी सहित शहर के 4 स्थानों में जन प्रतिनिधियों के सहयोग से श्रम दान कर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।उन्होंने बताया कि कल 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक नया बस स्टैण्ड, पुराना बस स्टैण्ड, शिवनाथ नदी घाट, रानीसागर व बुढ़ासागर तालाब के पास, मॉ शीतला माता व मॉ पाताल भैरवी मंदिर परिसर सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों में श्रम दान कर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरियों को स्वच्छता से जोडना तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है।

## समाचार संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री अरूण साव राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल



**राजनांदगांव 25 दिसम्बर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव साहू सदन राजनांदगांव में आयोजित साहू समाज के छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भी युवक-युवतियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक साजा श्री ईश्वर साहू, विधायक बेमेतरा श्री दीपेश साहू, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ श्री भागवत साहू सहित जनप्रतिनिधि व साहू समाज के पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में साहू समाज के युवक-युवती व समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### गैलेक्सी में आनंद मेला का आयोजन,व्यापार से रूबरू हुए छात्र

**अंवरी 25 दिसंबर।** कुरूद विकासखंड अंतर्गत स्थित गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भखारा में शीतकालीन अवकाश के एक दिन पूर्व आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य अर्जुनलाल साहू व उपप्राचार्य एल.जी.साहू ने स्कूल परिसर में पूजा अर्चना कर बच्चों द्वारा लगाए गए स्टाल का शुभारंभ किया। मिली जानकारी के अनुसार गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भखारा में शीतकालीन अवकाश लगाने के पूर्व एक दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कबड्डी,बालक एवम बालिका,रस्सी दौड़,बोरा दौड़ सहित पंजा लड़ाने के खेल में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।द्वितीय दिवस स्कूल परिसर में आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के छोटे छोटे शाप लगाए गए। बच्चों में व्यापारिक गुण और दुकान संचालन की विधा देखने को मिला,बच्चे स्वयं दुकान संचालित करते दिखे। बच्चों द्वारा स्टाल में मुख्य रूप से गोलगप्पे की दुकान,पास्ता, मैगी तथा घर में बने मिठाई, फल, चकली, पान तथा पैकिंग सामान नमकीन बिस्किट इत्यादि की दुकान बच्चों ने सजाए थे साथ-साथ उनके पालक भी बड़ी संख्या में स्कूल परिसर में आए और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मेले में पहुंचे लोगों ने इसका लुत्फ भी उठाया। बच्चे अपने शाप के अलावा दूसरे के शाप में भी जाकर खरीदी करते नजर आए तथा पैसों के हिसाब किताब और सामान की देखरेख व्यापारिक गुण एवम बिजनेस आइडिया आदि सब बच्चों को एक साथ सीखने को मिला है। इसमें स्कूल के शिक्षक उनके साथ पूरे समय उनके सहयोग के लिए उनके साथ बने रहे। स्कूल के संचालक ने बच्चों का हौसला अफजाई के लिए सभी स्टालों से खरीदी किए साथ साथ स्कूल के शिक्षक भी घर के लिए मिठाई एवम आवश्यक वस्तुएं खरीदते दिखे। विद्यालय के प्राचार्य अर्जुनलाल साहू ने बताया की इस अयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में व्यापारिक गुणों का विकास एवम स्वरोजगार से जुड़ने सीख देना था। उन्होंने बताया की खेलकूद के अलावा स्कूल में अच्छे प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया है। स्कूल के कार्यक्रम को संचालित करने में उपप्राचार्य एल.जी.साहू, व्याख्याता टी.साहू,व्याख्याता के.साहू, व्याख्याता एन साहू,व्याख्याता पी. साहू,शिक्षक मुनींद्र कुमार साहू, मोहित गोस्वामी, हर्षद साहू,नोकेश्वर साहू,शिक्षिका तुलसी साहू, रोशनी साहू, लुमन साहू, चंद्रप्रभा साहू, भारती साहू का विशेष सहयोग रहा।

### महापौर धीरज बाकलीवाल ने प्रदर्शनी की सराहना की, छात्रों का उत्साहवर्धन किया

**दुर्ग 25 दिसम्बर।** नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल,खेल खुद एवं शिक्षा विभाग प्रभारीमनदीप सिंह भाटिया,पार्षद प्रकाश जोशी के साथ अतुल्यम -3.0 आईएनएसडी ढ्ढहस्ष्ठ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइन नेहरू नगर में लगें दो दिवसीय फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग की प्रदर्शनी में पहुँचे।आईएनएसडी भिलाई के डायरेक्टर विनोद सोनी एवं संदीप कौर एवं उनकी टीम द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल का फूलगुच्छ देकर स्वागत किया।प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने पूरे प्रदर्शनी में घूमकर इंटीरियर डिजाइनिंग प्रदर्शनी को देखकर प्रदर्शनी की सराहना की और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।प्रदर्शनी में डिजाइनर कपड़े, शिल्पकार से बनी ज्वेलरी,विभिन्न प्रकार के कुशन कवर, लटकन, बैग, डिजाइनर शू,और चूड़ियां रखी गईं।इंटीरियर डिजाइनिंग विद्यार्थियों ने गैरेज कैफे, रिटेल स्टूडियो और किड्स ड्रीम जोन बनाया।गैरेज कैफे में अनुपयोगी सामान जैसे गाड़ी के टायर से बैठक, तेल के पुराने ड्रम से सोफा, कारों के उपकरणों से लैंप, ट्रकों की छन्नियों से टेबल और रिसेप्शन डायस, साइकल के पार्ट्स से घड़ियां आदि बनाकर रखे गए। रिटेल स्टूडियो में डिजाइनर ड्रेसेस का शोरूम स्टूडियो भी बनाया गया।नेहरू नगर स्थित संस्था में 23 व 24 तक लगाई गई दो दिवसीय प्रदर्शनी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने प्रदर्शनी की सराहना की और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही इस तरह की प्रदर्शनी के होते रहने पर जोर दिया ताकि वेस्ट से बेस्ट बनाने वाले छात्रों को और फैशन तथा इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में काम करने वालों को एक मंच मिल सकेगा। इसका फायदा सभी छात्र-छात्राओं को मिलेगा।छात्रों ने किड्स जोन को बनाया मोस्ट कलरफुल प्रदर्शनी में फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने बच्चों के लिए कलरफुल ड्रीम्स की तरह किड्स ड्रीम जोन को बहुत ही कलरफुल तरीके से बनाया।

## संपादकीय

# विपक्ष एक मुद्दे पर टिके तो सही

देश में मुद्दो की कमी नहीं है, एक से बढ़कर एक मुद्दे हैं। सब राष्ट्रीय मुद्दे हैं। सबको बड़ा मुद्दा बनाया जा सकता है। देश के लोगों का मुद्दा बनाया जा सकता है लेकिन यह विपक्ष की कमजोरी है कि किसी एक मुद्दे पर टिकता नहीं है। आज किसी मुद्दे की बात करता है तो कल किसी और मुद्दे की बात करने लगता है। वह आए दिन मुद्दे बदलता रहता है। वह किसी मुद्दे को न बड़ा मुद्दा बना सकता है, न ही जनता को प्रभावित कर पाता है। विपक्ष को यह वहम है कि वह जो कहेगा,जनता उसे सच मान लेगी। सोशल मीडिया के जमाने में किसी का झूठ कुछ ही मिनटों में सामने आ जाता है। जनता जान जाती है कि विपक्ष झूठ बोल रहा है,वह जैसा बता रहा है,वैसा तो हुआ ही नहीं है। कांग्रेस के तीन राज्यों का चुनाव हारने के बाद उसके पास कोई मुद्दा नहीं था। जनता ने तो फैसला दे दिया कि वह पीएम मोदी के वादों पर भरोसा करती है, कांग्रेस के वादों पर उसको कोई भरोसा नहीं है। इससे कांग्रेस को बड़ा झटका लगा था। संसद में भी वह कोई मुद्दा जोर से नहीं उठा पा रही थी। किस्मत से उसे संसद की सुरक्षा का मुद्दा मिल गया जब दो युवक योजना बनाकर संसद में घुस गए और संसद के भीतर स्मोक बम जलाया। यह कांग्रेस सहित विपक्ष के लिए बड़ा मुद्दा था। यह मुद्दा उसे बैठ बिठाए मिल गया था। इसे कांग्रेस सहित विपक्षा संसद के भीतर व बाहर बड़ा मुद्दा बना सकता था लेकिन वह नहीं बना सका क्योंकि वह इस मुद्दे को लेकर स्थिर नहीं था। उसे संसद के भीतर रहकर इस मुद्दे को नियमानुसार उठाना था। रोज उठाना था। हंगामा,बहिष्कार जो भी करना था नियमानुसार करना था। संसद की सुरक्षा के मुद्दे को छोड़ना था न ही संसद को छोड़ना था। संसद की सुरक्षा के मुद्दे को बड़ा मुद्दा बनाने के लिए विपक्ष का संसद में रहना जरूरी था, यही वह नहीं कर सका। उसने संसद की सुरक्षा के मुद्दे को छोड़ दिया। वह संसद की सुरक्षा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह व पीएम मोदी से बयान की मांग के मुद्दे पर आ गया। उसके लिए संसद की सुरक्षा का मुद्दा गौण हो गया तथा गृहमंत्री व पीएम का बयान बड़ा मुद्दा हो गया। विपक्ष की कोशिश इस मुद्दे पर यही होनी चाहिए थी वह इसे नियमानुसार उटाए। संसद में बना रहे। वह जानता था कि वह कुछ भी नियमानुसारन नहीं करेगा को उसे नियामानुसार संसद से निष्कासित कर दिया जाएगा। विपक्ष के सांसद रोज नियम के खिलाफ गृहमंत्री व पीएम से बयान की माग करते रहे और संसद से निष्कासित होते रहे। यानी वह अब संसद से निष्कासन के मुद्दे पर आ गए। यानी विपक्ष ने संसद की सुरक्षा,उस पर गृहमंत्री व पीएम के बयाने के निष्कासन को संसद के बाहर बड़ा मुद्दा बनाना चाहा। उन्हें सरकार के विरोध के लिए,संसद में पेश किए जाने वाले कानून पर बहस के लिए संसद के अंदर रहना था। वह अपनी गलतियों से संसद के बाहर हो गए. वह मान कर चल रहे थे कि विपक्ष के 146 सांसदों के निष्कासन के सरकार मुसीबत में फंस गई है। ऐसा बिलकुल नहीं था, हकीकत में सरकार अपने बिल संसद से पास कराने के लिए चाहती थी कि विपक्ष संसद में न रहे। रहे भी तो इतनी कम संक्या में रहे कि वह बिल को रोक नहीं सके। संसद के इस सत्र मे बहुत सारे अहम कानून पास कराने थे, यह बात सरकार भी जानती थी और विपक्ष भी जानता था लेकिन विपक्ष अपनी गलती के कारण संसद से बाहर हो गया और सरकार के कई अहम बिल संसद से पास हो गए। यह एक तरह से सरकार की सफलता है कि उसने संसद में बिना बाधा के सारे कानून पास करा लिया। सासंदों के निलंबन के विरोध मे विपक्ष ने एक दिन देश भर में प्रदर्शन किया। इसका कोई असर नहीं होने वाला है क्योंकि विपक्ष इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन तो कर ही नहीं सकता क्योंकि वह बंटा हुआ है। वह एक दिन भी एकजट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाता है तो जनता उससे कैसे प्रभावित होगी ? कैसे मान लेगी कि देश में लोकतंत्र खतरे में हैं, संविधान खतरे में है। मोदी सरकार ने सांसदों को संसद से बाहर फेंक दिया है। विपक्ष सोचता है कि जनता सवाल नहीं पूछेगी कि विपक्ष को संसद से बाहर फेंका गया तो क्यों फेंका गया। जनता को सच का पता चल जाता है, इसलिए विपक्ष का झूठ ज्यादा दिन नहीं चलता है।

# अटल बिहारी वाजपेयी की वे उपलब्धियां जिनसे मजबूत हुआ भारत

आज देश के पूर्व पीएम और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती हैं। बीजेपी सरकार अटल बिहारी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। उनकी जयंती के मौके पर हम अटल बिहारी की उन उपलब्धियों का जिक्र करेंगे जिनसे भारत मजबूत हुआ। इससे आपको यह समझने में आसानी होगी कि आखिर अटल बिहारी के जन्मदिवस के सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाना क्यों सही है।



**पोखरण में भारत का परमाणु परीक्षण**-साल 1998, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया था। अचानक किए गए इन परमाणु परीक्षणों से अमेरिका, पाकिस्तान समेत कई देश दंग रह गए थे। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की अगुआई में यह मिशन कुछ इस तरह से अंजाम दिया गया कि अमेरिका समेत पूरी दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ष्ट्ठ भारत पर नजर रखे हुए थी और उसने पोकरण पर निगरानी रखने के लिए 4 सैटलाइट लगाए थे। हालांकि भारत ने ष्ट्ठ और उसके सैटलाइटों को चकमा देते हुए परमाणु परीक्षण कर दिया। हालांकि एक कार्यक्रम के दौरान अटल बिहारी ने इस परमाणु परीक्षण का श्रेय पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को दिया था जो उनकी उदार हृदयता का परिचय देता है।

**स्वर्णिम चतुर्भुज और ग्राम सड़क योजना**-वाजपेयी की सबसे बड़ी उपलब्धियों में उनकी महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं स्वर्णिम चतुर्भुज और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को सबसे ऊपर रखा जाता है। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने चेन्नै, कोलकाता, दिल्ली और मुंबई को हाईवे नेटवर्क से कनेक्ट किया, जबकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जरिए गांवों को पक्की सड़कों के जरिए शहरों से जोड़ा गया। ये योजनाएं सफल रहीं और देश के आर्थिक विकास में मदद मिली।

**सर्व शिक्षा अभियान**-सर्व शिक्षा अभियान को अटल बिहारी की सरकार के दौरान 2001 में लॉन्च किया गया था। इस योजना के तहत 6 से 14 साल के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा दी जानी थी। इस योजना के लॉन्च के 4 सालों के अंदर ही स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में 60 प्रतिशत की गिरवाट देखने को मिली थी।

**टेलिकॉम सेक्टर में क्रांति**-वाजपेयी सरकार ही अपनी नई टेलिकॉम पॉलिसी के तहत टेलिकॉम फर्म्स के लिए एक तय लाइसेंस फीस हटाकर रेवन्यू शेयरिंग की व्यवस्था लेकर लाई थी। भारत संचार निगम का गठन भी पॉलिसी बनाने और सर्विस के प्रविशन को अलग करने के लिए इस दौरान किया गया था। वाजपेयी की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय टेलिफोनी में विदेश संचार निगम लिमिटेड के एकाधिकार को पूरी तरह खत्म कर दिया था।

**करगिल युद्ध में विजय**-अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान हुए करगिल युद्ध में भारत ने विजय हासिल की और दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत झुकने वालों में से नहीं है। अटल सरकार ने करगिल शहीदों के लिए मुआवजे की घोषणा की। साथ ही शहीद सैनिकों के अंतिम संस्कार को सार्वजनिक तौर पर करने का फैसला लिया। इन चीजों का अंतरराष्ट्रीय दबाव बना। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ को समन किया था और उन्हें सेना हटाने का आदेश दिया था।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-आपके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप लक्ष्य को पाने के लिए एक्टिव रहेंगे ताकि कोई भी मौका चूक न जाए। जो लोग व्यापार करते हैं या जो नौकरी करते हैं, उनके करियर में उत्तम परिणाम मिलने के योग हैं। आज आपको जो भी काम मिलेगा, उसे आप अच्छी तरह तय समय पर पूरा कर दिखाएंगे। जिससे कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी और यह आपके व्यवसाय और नौकरी दोनों में अच्छे परिणाम देने वाला साबित हो सकता है।

**वृष राशि** -आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं से निपटने का रास्ता ढूंढ लेंगे और अपनी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। आपके कारोबार में बढ़ोतरी के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। आपके प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। नौकरी या किसी कंपटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए कोई शुभ समाचार मिल सकता है साथ ही आपको स्वास्थ्य के मामले में सचेत भी रहना चाहिए।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। आपको नौकरी में पदोन्नति के साथ ट्रांसफर होने की संभावना है। जो नौकरी ढूंढ रहे हैं उन्हें अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। व्यापार में लाभ के संकेत हैं, आमदनी बढ़ेगी जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में कोई शुभ कार्य सम्पन्न होने से घर का माहौल उल्लास से भरा रहेगा।

**कर्क राशि**-आज आपको अपने मनचाहे काम में सफलता मिल सकती है। नौकरी में आज संभव है, आपको किसी अच्छी जगह ट्रांसफर मिल जाए जहां जाने की आप लंबे समय से उम्मीद कर रहे थे। व्यवसाय कर रहे लोगों को कुछ अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ भी मिलेगा। पारिवारिक स्तर पर तालमेल बना कर रखना चाहिए जिससे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा और दाम्पत्य जीवन में अच्छे परिणाम मिलेंगे। संतान संबंधी मामलों में कोई अच्छी खबर मिलेगी जिससे तरक्की के अवसर मिलेंगे।

**सिंह राशि**- आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा। आज किसी धार्मिक समारोह में हिस्सा लेंगे और ज्यादा लोगों से आपके संपर्क जुड़ेंगे, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकता है और आपके व्यवसाय के लिए भी फायदेमंद रहेगा जिससे आपकी स्थिति में सुधार होगा। नौकरी में किसी प्रोजेक्ट के लिए यात्रा हो सकती है। आज अपना पूरा ध्यान काम पर लगाएंगे। आज परिवार में कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल होगा, बच्चों में उत्साह बढ़ेगा परन्तु पढ़ाई को लेकर थोड़े चिंतित भी हो सकते हैं।

**कन्या राशि**-आज आपको किसी तरह के कानूनी मामलों में दोस्तों की मदद मिलेगी और आपकी समस्याओं का समाधान होगा। आपके प्रयासों की सराहना की जाएगी, जो आपको किसी तोहफे की तरह महसूस करा सकता है। नौकरी में आपकी कार्यक्षमता के लिए अधिकारियों से पुरस्कार भी मिल सकता है। आपका उत्साह बढ़ेगा और दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। व्यावसायिक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक लाभ होंगे पर कुछ खर्चे भी बढ़ सकते हैं।

**तुला राशि**-आज आपका मन शांत रहेगा और मन में नये-नये विचारों का समावेश होगा। यदि आंखों या गले की कोई समस्या लग रही है तो भ्रामरी प्राणायाम करें और नित्य ठंडे पानी से आंखों को धोने की आदत डालें, लाभ मिलेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज का दिन शुभ समाचार लेकर आ सकता है। यदि आप नौकरी करते हैं तो टीम के सदस्यों से किसी प्रकार की समस्या की संभावना है परन्तु धैर्य से काम लेने पर मुश्किलें सुलझ जाएगी।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत पड़ेगी। इस तरह आप अपनी स्थिति मजबूत कर पायेंगे और आपके प्रमोशन की बात पक्की हो सकती है। बिजनेस के क्षेत्र में उतार चढ़ाव आ सकते हैं परन्तु विदेशी संपर्कों से लाभ मिलेगा और व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। लेनदेन के मामलों में सावधानी बरतें। अपने जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु राशि**-आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपको खुशी मिलेगी और आप कहीं की यात्रा का प्लान बनाएंगे। नौकरी में बदलाव के लिए सोच सकते है यह आपके लिए अच्छा रहेगा सैलरी में बढ़ोतरी होगी। व्यापार को आगे बढ़ाने के मौके मिलेंगे, नये लोगों के संपर्क से लाभ मिलेगा और आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। आपको अपने वैवाहिक और प्रेम संबंधों में मधुरता बनाएं रखने के लिए वाणी और व्यवहार में संयम रखना चाहिए।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके करियर में बदलाव लेकर आ सकता है। आप नौकरी बदलने के बारे में सोच सकते हैं। नौकरी के लिए प्रयास करेंगे और सफल होंगे। व्यापार से जुड़े लोगों को बिजनेस बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं। आमदनी बढ़ेगी और आप धन संचय करने में कामयाब रहेंगे लेकिन स्वास्थ्य मामलों पर कुछ खर्चे हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है यदि आप किसी प्रतियोगी परीक्षा देने की तैयारी कर रहे हैं तो परिणाम अच्छे रहेंगे।

**कुंभ राशि**-आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नौकरी में अपनी मेहनत से धन कमाने में कामयाब रहेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है आमदनी बढ़ सकती है आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा है आपसी सूझ-बूझ से रिश्ते को आगे बढ़ाने प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। विद्यार्थियों के लिए नये साल में आज का दिन खुशखबरी लेकर आएगा पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे, बच्चों की मेहनत कामयाब होगी और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।

**मीन राशि**-आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको आपकी मेहनत से नौकरी में अच्छे नतीजे प्राप्त होंगे आपकी सराहना होगी और पदोन्नति का मौका मिल सकता है। आपके निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। बिजनेस में तरक्की होगी, आपको समाज के वरिष्ठ अनुभवी लोगों से आज सहयोग मिल सकता हैजो आपके कैरियर के लिए लाभकारी होगा। आर्थिक स्थिति सामान्य से कुछ अच्छी रहेगी। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है। कोई अच्छी खबर मिलेगी जिससे आगे की पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं।

## विशेष लेख

# सुशासन के अटल मंत्र पर छत्तीसगढ़ सरकार

**जी.एस. केशरवानी, उप संचालक**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर प्रतिवर्ष देशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिन छत्तीसगढ़ के लिए विशिष्ट होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की नई सरकार नई पहल करते हुए अपनी नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। इसी दिन राज्य सरकार यहां के 13 लाख किसानों को धान के दो वर्ष के बकाया बोनस का उपहार देगी। अनेक जनहितैषी योजनाओं के रूप में भी जनता को सौगात मिलेगी। यह सुखद संयोग ही है कि नई राज्य सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया के पहले पखवाड़े का कामकाज सुशासन दिवस से शुरू होगा। पूरे छत्तीसगढ़वासियों के लिए यह गर्व और स्वाभिमान की बात है कि स्व. श्री अटल जी ने ही अपने प्रधानमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य की संकल्पना को मूर्त रूप दिया था। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना अटल जी की ही देन है। उनके जन्मदिवस पर नई सरकार के कार्यक्रमों का शुभारंभ माननीय अटल जी के स्वप्नों को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। सुशासन से आशय सक्षम, न्यायशील और पारदर्शी शासन व्यवस्था से है। अटल जी का जन्मदिन सेवा, त्याग व समर्पण के लिए याद किया जाता है। वर्ष 2014 से इसे देशभर में मनाया जाता है। सुशासन दिवस के दिन कर्तव्य के शुचितापूर्ण पालन की शपथ भी ली जाती है। अटल जी के पदचिन्हों पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार शासन-प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता, जवाबदेही का विकास करने की दिशा में अग्रसर है। छत्तीसगढ़ अपनी युवावस्था के दौर में है। इस ऊर्जा का उपयोग तीव्र गति से समन्वित विकास में किए जाने की आवश्यकता है। राज्य की नई सरकार ने यहां की जरूरतों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। किसानों से 3100 रुपए की दर पर धान की खरीदी, युवाओं को रोजगार, महिलाओं की आर्थिक उन्नति व स्वावलंबन के लिए महतारी वंदन योजना आदि ऐसे सोपान हैं जो समाज की तरक्की के पायदान तय करेंगे। अनुसूचित जनजाति बहुल प्रदेश को श्री विष्णुदेव साय के रूप में आदिवासी मुख्यमंत्री मिले हैं। उनके राज्य के मुखिया बनने से प्रदेश की पारंपरिक तथा सांस्कृतिक विरासत को नवीन आयाम मिलने की आशा की है। अनुसूचित जातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण की प्राथमिकता की भावना सरकार के कामकाज में प्रतिध्वनित हो रही है। सुशासन की अवधारणा यही है कि सभी वर्गों खासकर वंचित तबकों को न्याय तथा सम्मान दिलाने की पहल की जाए। सुशासन की स्थापना में सूचना प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका रही है। प्रशासनिक व्यवस्था में इंटरनेट क्रांति से शुचिता और पारदर्शिता में वृद्धि, सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, मजदूरों और कृषकों के बैंक खाते में सीधे राशि का भुगतान, राजस्व और अन्य विभागों के आनलाइन पोर्टल, जनोपयोगी सुविधाओं की आनलाइन व्यवस्था से न सिर्फ व्यवस्था में पारदर्शिता आई है बल्कि प्रशासन से जनता की दूरी भी घटी है। इस वर्ष सुशासन दिवस छत्तीसगढ़ की जनता को अनेक सौगातें देकर जाएगा। यह दिवस सबका साथ सबका विकास का मंत्र भी याद दिलाएगा। नई सरकार के कार्यकाल का यह दिवस राज्य में खुशहाली और विकास की ठोस बुनियाद रखेगा।

## यादें

अनन्या मिश्रा

# राजनीति में 'रार' और जीवन में 'हार' नहीं मानते थे अटल बिहारी वाजपेयी

भारतीय राजनीति के रत्न माने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। वह अपने जमाने के बहुमुखी प्रतिभा के धनी राजनीतिज्ञ माने जाते थे। आज के दिन यानी की 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म हुआ था। भारतीय राजनीति के रत्न माने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। पीएम पद पर रहने के दौरान उन्हें बहुत सम्मान दिया गया। वह अपने जमाने के बहुमुखी प्रतिभा के धनी राजनीतिज्ञ माने जाते थे। वहीं प्रधानमंत्री काल के दौरान अटल की विशिष्टता भी देखने को मिली। वह अपने वाकचातुर्य, समावेशी नीतियों, निर्णय लेने की क्षमता और बेहतरीन तर्कों से विरोधियों को प्रभावित करने की क्षमता रखते थे। आज के दिन यानी की 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म हुआ था। आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और शिक्षा**-मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 25 दिसंबर 1924 को अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म हुआ था। उनके पिता कृष्ण बिहारी वाजपोयी स्कूल में अध्यापक थे। उन्होंने ग्वालियर के सरस्वती शिशु मंदिर से अपनी शुरूआती शिक्षा पूरी की। इसके बाद यहीं से उन्होंने हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी में बीए किया। फिर कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एमए की डिग्री हासिल की। वह कवि, लेखक और पत्रकारिता का काम भी बहुत अच्छे से जानते थे।

**नरमपंथी नेता**-अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय पीएम पद ग्रहण करने से पहले जनता पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता थे। अटल को एक ऐसी पार्टी का नेता कहा जाता था, जो साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देती है। वह कट्टर हिंदुत्व वाली बीजेपी पार्टी के नरमपंथी नेताओं की लिस्ट में शामिल थे। उन्होंने न सिर्फ हमेशा अपनी पार्टी का बचाव किया बल्कि अपने तर्कों से विरोधियों को मात देते थे। वह हर मौके पर यह दावा करते थे कि उनकी पार्टी संविधान में विश्वास करने वाली पार्टी है। हांलाकि अटल जी को हमेशा गलत पार्टी में सही व्यक्ति के तौर पर करार दिया जाता था। लेकिन नरम छवि के साथ वह हमेशा आरएसएस संघ की पैरोकारी करते थे। साथ ही पार्टी की छवि को निखारने की कोशिश किया करते थे।

**जब बनी 13 दिन की सरकार**-साल 1996 में पार्टी की तरफ से अटल बिहारी वाजपेयी को पीएम पद के उम्मीदवार के तौर पर घोषित किया गया। वहीं उस चुनाव में बीजेपी की जीत हुई और वाजपेयी देश के पीएम बने। उस दौरान उन्होंने संसद में इतने प्रभावी भाषण दिए कि विरोधी भी उनके कायल हो गए। हांलाकि यह सरकार सिर्फ 13 दिन में गिर गई। इस तरह वाजपेयी 13 दिन के प्रधानमंत्री के तौर पर जाने गए।

**गठबंधन सरकार**-इसके 2 साल बाद अटल बिहारी वाजपेयी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बने। इस दौरान उन्होंने गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। हांलाकि इस दौरान धारा 370, राम मंदिर आदि मुद्दों पर विपक्ष ने उन्हें घेरने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने तब यह कहा कि जब पूर्ण बहुमत से उनकी सरकार आएगी, तब वह इन सारे मुद्दों को अमल में लाएंगे। पीएम पद पर रहने के दौरान अटल जी ने देश के हित में कई ऐसे फैसले किए, जिस पर हर भारतीय को गर्व महसूस होता है।

**पाकिस्तान से दोस्ती करने का प्रयास**-वाजपेयी जी को पड़ोसी देश पाकिस्तान से संबंध सुधारने के प्रयासों के लिए भी जाना जाता है। अटल जी का कथन था कि आप दोस्त तो बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं। लेकिन पाकिस्तान की सेना ने दुर्भाग्य से उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया। पाक में तख्तापलट के बाद भारत को कारगिल युद्ध करना पड़ा। लेकिन वाजपेयी की शानदार कूटनीति के चलते पाकिस्तान को कारगिल युद्ध में मुंह की खानी पड़ी और वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर अकेला रह गया। वहीं साल 1999 के चुनाव में बीजेपी और उसके सहयोगी की बड़ी जीत हुई। इस बार बीजेपी ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई और वाजपेयी जी ने 5 साल का कार्यकाल पूरा किया। उस दौरान 5 साल सरकार चलाने वाले वह गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। इस जीत के बाद भी उनकी समावेशी नीति जारी रही। हांलाकि साल 2004 में बीजेपी दोबारा सत्ता में वापसी नहीं कर सकी। वहीं साल 2005 में अटल जी ने सक्रिय राजनीति से सन्यास ले लिया।

**मृत्यु**-साल 2009 से अटल बिहारी वाजपेयी जी का स्वास्थ्य ज्यादा खराब हो गया। जिसके कारण वह अधिक सक्रिय नहीं रह सके और सिर्फ घर तक ही सीमित रह गए। वहीं साल 16 अगस्त 2018 में अटल बिहारी वाजपेयी जी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

**पैदल जाते थे संसद**-एक अखबार को दिए इंटरव्यू में अटल बिहारी वाजपेयी के बेहद नजदीकी रहे लालकृष्ण आडवाणी ने एक मजेदार किस्सा बताया था। आडवाणी ने कहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी जब पहली बार सांसद बने थे तो वह भाजपा नेता जगदीश प्रसाद माथुर के साथ चांदनी चौक में रहते थे। दोनों संसद पैदल ही आते जाते थे। लेकिन एक दिन अचानक अटल बिहारी वाजपेयी ने माथुर जी से कहा कि आज रिक्शा से चलते हैं। माथुर जी को थोड़ा आश्चर्य हुआ। लेकिन बाद में पता चला कि आज बतौर सांसद अटल बिहारी वाजपेयी को तनख्वाह मिली थी।

**नहीं की थी शादी**-वाजपेयी जी ने शादी नहीं की थी, यह हम सभी को पता है। लेकिन उनसे इंटरव्यू में यह सवाल बार-बार किए जाते थे कि आपने शादी क्यों नहीं की? एक इंटरव्यू के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ने बताया कि घटनाक्रम ऐसा चलता गया कि मैं उसमें उलझ गया और विवाह का मुहूर्त ही नहीं निकल पाया। इसके साथ ही उनसे सवाल किया गया कि कभी अफेयर हुआ? मुस्कुराते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने जवाब दिया था कि ऐसी बातें सार्वजनिक रूप से नहीं की जाती। मजाक मजाक में अटल बिहारी वाजपेयी ने तो एक बार यह भी कह दिया था कि वह अविवाहित है, परंतु कुंवारे नहीं हैं।

**फिल्म देखने का शौक**-अटल बिहारी वाजपेयी को फिल्मों का बड़ा शौक था। वह अपने दोस्तों के साथ नजदीकी सिनेमा हॉल में अक्सर जाते थे और फिल्म देखते थे। इसके साथ ही वह जब भी तनाव में होते तो फिल्में देखना उन्हें पसंद था। एक बार दिल्ली के नयाबांस का उपचुनाव था। भाजपा की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ने जीत के लिए कड़ी मेहनत की थी। लेकिन पार्टी चुनाव हार गई। दोनों में नाराजगी थी लेकिन अचानक अटल जी ने कहा- चलो फिल्म देखते हैं और फिर दोनों फिल्म देखने चले गए।

**जब बिना बताए हुआ था पीएम पद के उम्मीदवार के तौर पर नाम का ऐलान**-तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने 1995 के मुंबई सार्वजनिक तौर पर यह ऐलान कर दिया था कि अटल बिहारी वाजपेयी ही भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। तब कई लोगों को आश्चर्य भी हुआ था। तभी अटल बिहारी वाजपेयी ने तुरंत आडवाणी से पूछा यह आपने क्या कर दिया? मुझसे पूछ तो लिया होता। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी को जवाब देते हुए आडवाणी ने कहा पार्टी का अध्यक्ष होने के नाते अधिकार रखता हूं।

**खाने-पीने के थे शौकीन**-अटल बिहारी वाजपेयी खाने-पीने के शौकीन थे। अपने शुरुआती दिनों में वे अक्सर अपने दोस्तों के साथ दिल्ली के विभिन्न रेस्टोरेंट में चला जाया करते थे। इसके साथ ही जब भी उन्हें मौका मिलता वह पकौड़े और खिचड़ी जबरदस्त तरीके से बनाते थे और दोस्तों के साथ मिल बैठकर खाते थे। उन्हें पुरानी दिल्ली में स्थित करीम होटल का खाना काफी पसंद था। उन्होंने अपने नॉनवेज खाने और मदिरापान की बात को कभी भी नहीं छुपाया। अटल बिहारी वाजपेयी करीब 50 वर्षों तक भारतीय संसद के सदस्य रहे। हालांकि वह ऐसे एकमात्र नेता थे जो चार अलग-अलग प्रदेशों से चुनकर संसद पहुंचे थे। इसके अलावा अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे एकमात्र गैर कांग्रेसी नेता हैं जिन्होंने तीन बार प्रधानमंत्री पद संभाला है।

**कविता प्रेम**-अटल बिहारी वाजपेयी का पहला प्रेम कविता ही बताया जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी शानदार कवि थे। उन्हें कवि सम्मेलनों में जाना बेहद ही पसंद था। हालांकि उच्च पदों पर पहुंचने के बाद वह इन सम्मेलनों में शामिल नहीं हो पाते थे जिसकी वजह से निराश भी हो जाते थे। इसके अलावा वह अपने आलोचकों को भी ध्यान से सुनते थे और उनकी तारीफ करते थे।

**यारों के यार थे**-अटल बिहारी वाजपेयी की दोस्ती सभी को पता है। अपने विरोधी दलों के नेताओं के साथ भी उनकी दोस्ती काफी चर्चा में रहती थी। पीवी नरसिम्हा राव जब देश के मुख्यमंत्री थे तब ऐसे कई फैसले थे जो वह अटल बिहारी वाजपेयी से पूछ कर लिया करते थे। नरसिम्हा राव अटल बिहारी वाजपेयी को अपना राजनीतिक गुरु माना करते थे। साथ ही एक बार अटल बिहारी वाजपेयी ने मनमोहन सिंह को इस्तीफा देने से रोका था। दरअसल, मामला तब का है जब पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में मनमोहन सिंह वित्त मंत्री थे। मनमोहन सिंह ने अपना बजट भाषण संपन्न किया।

## एक नजर

### आरक्षक सोढ़ी भीमा ने 42 किमी मैराथन में हासिल किया दूसरा स्थान

**सुकमा, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ईबीएयू द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन द्वारा आयोजित आल इंडिया ओपन 42 किमी मैराथन नया रायपुर में आयोजित किया गया था, जिसमे देश के अलग अलग प्रदेश के धावकों ने भाग लिया, जिसमे सुकमा जिला के भेज्जी के रहने वाले वर्तमान में पुलिस विभाग में आरक्षक सोढ़ी भीमा ने 2द्वस्र स्थान अपने नाम किया। सोढ़ी भीमा आल इंडीया मैराथन के नेशनल में तीसरा स्थान दर्ज किया था ,एवं देश के बड़े स्तर मैराथन में भाग ले चुके है, अभी आने वाले बड़े स्पर्धा के लिए स्पोर्ट्स हब भिलाई में पुलिस विभाग दारा उनको अभ्यास कराया जा रहा है। सुकमा में हुनर की कमी नही बस तरासने की जरूरत है।

### माओवादी स्मारक ध्वस्त

**बीजापुर, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24 दिसम्बर को नवीन स्थापित कैम्प डुमरीपालनार से डीआरजी बीजापुर, महिला कमाण्डो एवं दंतेवाड़ा डीआरजी की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। माओवादियों के द्वारा हीरोली ग्राम में 20-20 फिट उंचे दो माओवादी स्मारक बनाये गये थे। अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा हीरोली में स्थापित माओवादी स्मारकों को ध्वस्त किया गया। क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

### खड़े टैंकर में लगी आग

**बीजापुर, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर थाना नेलसनार क्षेत्रान्तर्गत बोदली ईंट संयत्र में खड़ी ट्रक (टेंकर) में आग लग गई। घटना आज सुबह लगभग 03:00 बजे की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। आग तकनीकी कारण अथवा दुर्घटनावश लगी है इस पर जांच चल रही है। इस दौरान पास ही ईंट सयंत्र मे खड़ी अन्य वाहन एवं ट्रक में रखा सामान सुरक्षित है।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा: गृहसंपर्क अभियान 1 से 15 जनवरी तक

**सुकमा, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूजित अक्षत, पत्रक व राम मंदिर का चित्र यह तीन वस्तु को लेकर प्रत्येक हिन्दू घर में संपर्क करना है और आह्वाहन करते हुए निमंत्रण देना है कि 22 जनवरी को सुबह के 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक अपने ग्राम, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में सभी रामभक्त को एकत्र होकर भजन कीर्तन करना है। बड़े पर्दे पर अयोध्या का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव साथ में देखें। शंखध्वनि, घंटानाद, प्रसाद वितरण करें। सभी मंदिरों में स्थित देवी देवता का भजन-कीर्तन-आरती-पूजा करना है। श्री राम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करना है। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ कर सकते हैं। मंदिरों को अच्छे से सजाया जा सकता है। अपने अपने घर को अच्छे से सजा सकते है, जैसे तोरण, रंगोली, झालर इत्यादि सजावट कर सकते हैं। अपने क्षेत्र के सभी हिन्दू घरों में भगवा पताका लगा सकते हैं। संभव हो तो उस दिन प्राण प्रतिष्ठा तक उपवास रखें। यदि संभव हो तो भंडारे का आयोजन भी कर सकते हैं। सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिये दीपक जलायें, दीपमालिका सजायें, दीपोत्सव मनायें।

### घायल ग्रामीण की 229 बटालियन के जवान ने रक्त देकर बचाई जान

बीजापुर। छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में स्थितगाँव- चेरपाल, ब्लॉक- गंगालूर, बीजापुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले एक आदिवासी व्यक्ति अयातु ताती पुत्र लखमू, उम्र-30 रोड एक्सीडेंट होने के कारण जिला अस्पताल बीजापुर में इलाजरत थे। उक्त रोगी को 24 दिसम्बर को 01 युनिट ब्लड की तुरन्त आवश्यकता थी, जिससे उक्त मरीज की रक्त की आवश्यकता को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जा सके तथा उसके अग्रिम ईलाज में सहायक बन सके और उसकी जान भी बचाई जा सके। उपरोक्त सूचना के प्राप्त होते ही मुखत्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी-229 बटालियन के आदेशानुसार कुलदीप सिंह, उप कमाण्डेन्ट एवंडॉ0 परेश एस. गोटपगार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ने बीजापुर जिला सिविल अस्पताल में सम्पर्क किया। इस वाहिनी के सिपाही/जीडी भास्कर साहा के द्वारा जिला अस्पताल बीजापुर में उक्त मरीज के लिए रक्तदान किया जिसके कारण रोगी के जीवन को बचाया जा सका। रक्तदान के पश्चात् जिला अस्पताल द्वारा रक्तदाता को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। अयातु ताती एवं उनके परिवार द्वारा रक्तदाता एवं 229 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को धन्यवाद दिया गया। इससे पूर्व में भी 229 वाहिनी के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा रक्तदान कर कई आदिवासी भाईयों व उनके परिवारजनों की जान बचाने का काम किया है। भविष्य में भी 229 वाहिनी के.रि.पु.बल इस प्रकार के मानवता के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

# पीडीएस चावल का अवैध परिवहन करते पिकअप

## वाहन से 49 बोरा चावल बरामद, सरकारी राशन दुकान से सुकमा लेकर जा रहा था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 25 दिसम्बर।** जिले के गादीरास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोरदेम से सरकारी राशन दुकान से अवैध रूप से चावल लेकर जा रहे, पिकअप वाहन को ग्रामीणों ने मानकापाल कैंप के पास रोककर वाहनों से बरामद चावल सहित पिकअप वाहन को पुलिस को सौंप दिया गया। खाद्य विभाग ने इस मामले की खबर लगते ही मौके पर पिकअप वाहन से बरामद चावल का सत्यापन कर पर सरकारी राशन दुकान का चावल पाया गया। खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर गादीरास थाना को सौपा गया। खाद्य विभाग के द्वारा उक्त चावल का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही।

ग्राम पंचायत पोरदेम का राशन दुकान का संचालन ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है, पंचायत के द्वारा राशन दुकान संचालक की जिम्मेदारी गांव के मड़कमी सन्ना को दी थी। इधर दुकान संचालक का कार्य सरपंच और सचिव के निगरानी में किया जा रहा था। वही ग्राम पोरदेम पहुंचविहीन गांव होने की वजह से यहां पर 6 माह का राशन एक साथ शासन-प्रशासन के द्वारा भेजा जाता है। लेकिन यह 6 महीने का राशन में मात्र चार माह का राशन हितग्राहियों को दिया गया है, और दो माह का राशन नहीं मिलने से हितग्राही परेशान थे, वहीं राशन कार्ड धारी ने दुकान संचालक से कई बार चावल की मांग करने पर दुकान संचालक चावल नहीं आने का बहाना बात कर ग्रामीणों को चावल नहीं दे रहा था, वही नाराज ग्रामीणों ने राशन दुकान से चावल लेकर जा रहे पिकअप को रंगे हाथों पकड़ा गया। जबकि यहाँ के लिए एक साथ जुलाई से दिसम्बर 2023 तक चावल पहले से आ चुका था।

**पिकअप से 49 बोरी चावल जप्त:** पिकअप वाहन से 49 बोरी चावल बरामद किया गया। जिसमें मशीन सिलाई का 23 जुट बोरा व 26 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में चावल बरामद किया गया। यह सभी चावल सरकारी सप्लाई का चावल है। राशन कार्ड धारियों का कहा कि राशन कार्ड कई महीने से दुकान संचालक अपने पास जमा करके रखा हुआ था। राशन दुकान संचालक के द्वारा राशन कार्ड अपने घर मे रखकर दिसम्बर तक का राशन की एंट्री राशन कार्ड में कर दिया गया है।

### पहले भी हो चुकी है हेरा फेरी दोषियों पर हुआ था एफआईआर

ग्राम पंचायत पोरदेम का दुकान संचालक वर्तमान में मानकपाल पंचायत के अंतर्गत होता है, जबकि इससे पूर्व कोर्रा में दुकान का संचालन होता था। वहीं वर्ष 2018-19 में चावल वितरण में हेर-फेर कर ग्रामीणों को चावल नहीं दिए जाने के कारण, इस मामला की शिकायत के बाद सेल्समैन के खिलाफफिर कर जेल भेजा गया था। वही दूसरा मामला 2 वर्ष पहले नवंबर-दिसंबर माह का चावल नहीं दिए जाने की प्रकरण में भी सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरपंच को हटाया गया था साथ इस मामले से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी फिर इस बार इसी पंचायत में चावल का प्रकरण सामने आया और इसकी जांच में सरपंच और पंचायत सचिव पर भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है क्योंकि राशन दुकान का संचालन पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है।

**चावल में कचरा होने की वजह से चावल की सफाई करने के लिए गादीरास राइस मिल ले जा रहे थे।**
उन्होंने बताया कि पंचायत के लिए एक साथ 6 महीने का चावल दिया गया था, चावल का वितरण किया जा चुका है, जो चावल बचा था उसमें कचरा लगा था, कचरे की सफाई कर चावल को जनवरी माह में वितरण करना था। 204 राशन कार्ड धारी है।

**मड़कमी सन्ना, दुकान संचालक**

हमारा गांव तक पहुंचने के लिए सड़क की सुविधा नहीं होने की वजह से गांव का राशन एक साथ 6 महीने का राशन पंचायत को आवंटित कर दिया जाता है, वही 6 महीने का राशन पंचायत को मिल गया था, जिसमें से चार माह का राशन दुकान संचालक के द्वारा दिया गया है, और दो माह का चावल अब तक नहीं दिया गया है। दुकान संचालक ने ग्राम पंचायत पोरदेम के सभी कार्ड धारियों क राशन कार्ड राशन दुकान संचालक अपने पास ही जाम कर के रख लेता है। जिसमें 6 महीने का राशन वितरण का एंट्री कर दिया गया है।

**रम्मिया गंदामी, राशनकार्ड धारी**

ग्राम पंचायत पोरदेम में पास सरकारी चावल लेकर जा रहे थे, पिकअप वाहन मनकापाल कैम्प के पास रोककर पकड़ा गया। जिसमें गांव के राशन कार्ड धारियों को वितरण करने वाला चावल बरामद हुआ। जिसके बाद पिकअप वहानों मनकापाल कैम्प में पुलिस अधिकारियों को सौप दिया गया। उन्होंने बताया कि गांव के सरकारी दुकान के सामने गाड़ी लगाकर चावल भरने का सूचना मिलने पर तत्काल पिकअप वाहन पकड़ा गया। मनकापाल कैम्प के सौप दिया गया।

**गंगा कोर्रामी, राशनकार्ड धारी**

पिकपक वाहन क्रमांक सीजी 18 के 2849 से पोरदेम ग्राम पंचायत के चावल को सुकमा ले जा रहा था। उक्त वाहन को पोरदेम के ग्रामीणों ने पकड़ के मनकापाल केम्प के सौप दिया था, पिकअप में जप्त चावल सत्यापन करने पर 49 बोरी चावल बरामद किया गया। जिसमें मशीन सिलाई का 23 जुट बोरा 26 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में चावल बरामद किया गया। राशन दुकान संचालक और पिकअप चालक ने बताया का कहना है कि चावल को सफाई करने के लिए मिल ले जा रहे थे लेकिन विभाग को ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई थी इसलिए चावल और पिकअप वाहन को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**अरविंद ध्रुव, खाद्य निरीक्षक**

# ओडिशा राज्य से परिवहन किये जा रहे 154 कट्टा अवैध धान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंटा, 25 दिसम्बर।** पुलिस थाना में सुपुर्द कर मंडी अधिनियम के तहत की जायेगी कार्यवाही 22 दिसबर को राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफविपणन सीजन 2023-24 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर हरिस.एस के निर्देश पर जिले में धान खरीदी के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित धान खरीदी की निरंतर जांच की जा रही है।

जिले के सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। शुक्रवार को चिन्ताकोंटा रोड पर नाले के पास ओड़िसा से परिवहन हो कर आया अवैध धान का ट्रेक्टर ट्राली सहित नाले में पलटे जाने कि परमेश्वर मंडावी तहसीलदार कोंटा को सुचना प्राप्त हुई। तत्पश्चात राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। जांच में पाया गया कि ट्रेक्टर के पास कोई मौजूद नही है। चिन्ताकोंटा पहुंचने पर कन्ना नामक व्यक्ति ने उक्त ट्रैक्टर ट्राली में पडा धान अपना बताया। टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचने पर कन्ना नामक व्यक्ति रास्ते से भाग खडा हुआ। घटना स्थल पर वापस पहुंचने पर वाहन चालक रवि बोड्डू, पिता वीरा उम्र 20 निवासी आसिरगुडा का ब्यान लिया गया। जिसमें उनके पास धान संबंधित कोई दस्तावेज नही पाये गये। वाहन चालक को यह भी ज्ञात नहीं था कि धान किस के यहा से लोड किया गया है। ट्रेक्टर ट्राली में कोई नम्बर दर्ज नही था। वाहन चालक के पास परिवहन के आवश्यक दस्तावेज नहीं पाया गया। जिस ट्रेक्टर ट्राली में धान लोड था। उसे पंचों की उपस्थिति में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 हेतु जारी निर्देशों के पालन में 154 कट्टा अवैध धान जप्त कर थाना कोंटा की अभिरक्षा में दिया गया। उक्त जब्त धान सहित वाहनों को कोंटा पुलिस थाने में सुपुर्द कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# दिव्यांगों ने गीत-संगीत के माध्यम से दिखाया हुनर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### विश्व दिव्यांगता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सुकमा, 25 दिसम्बर।** विश्व में हर साल तीन दिसम्बर को विश्व दिव्यांगता दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के कुम्हारास स्थित आकार आवासीय संस्था में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत शुक्रवार, 23 दिसम्बर को आकार संस्था के खेल मैदान में खेलकूद और बौधिक क्षमता की गतिविधियाँ हुई, इसके पश्चात रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें इन दिव्यांग बच्चों ने अद्वितीय खेल कौशल का प्रदर्शन किया। उनमें शारीरिक या मानसिक दिव्यांगता जरुर है, लेकिन जीवन जीने का उमंग उनमें किसी भी सामान्य व्यक्ति से कई अधिक है। वे इस बात का जीवंत उदाहरण हैं कि कोई भी व्यक्ति कमजोर नही होता, सभी अपने आप में विशेष हैं। आकार संस्था के क्रीड़ा स्थल में दौड़ के साथ ही चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, बॉस्केटबॉल, मिश्रित मोती जैसे शारिरिक एवं बौधिक क्षमता वाले खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिमसें बालक-बालिकाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर खेल प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने बनाई कागज, बोतल, अन्य वस्तुओं से कलाकृतियां- आकार संस्था के बच्चों द्वारा बनाई गई मनमोहक कलाकृतियां किसी मास्टरपीस से कम नही थीं। दिव्यांग बच्चों द्वारा मेज पर सजाए गए हर आर्ट क्राफ्ट आकर्षण का केंद्र रहा। आइस क्रीम स्टिक से खरगोश, उल्लू, टेडी बियर, फूलदान जैसी सजावटी वस्तुएं बनाई। मिट्टी को आकार देकर बिल्ली, प्रतिमा जैसी कलाकृतियों को मूर्त रूप दिया। प्रदर्शनी में ऐसे ही बहुत से विशेष छात्रों ने अपनी कलात्मकता से कागज, थर्मोकोल सहित और बहुत सी चीज़ों से आकर्षित करने वाली वस्तुएं तैयार कर प्रदर्शित की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांगों ने दी मनमोहक प्रस्तुति- आकार संस्था में शुक्रवार संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। स्वागत गीत से कार्यक्रम की प्रारंभ कर बच्चों ने कार्यक्रम के अंत तक अपनी प्रस्तुति से खूब वाहवाही बटौरी। गीत-संगीत, देश भक्ति, क्षेत्रिय गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# मतदाता पुनरीक्षण का दिया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 25 दिसंबर।** आगामी लोक सभा 2024 के प्रारंभिक तैयारियों के तहत आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत् एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार को स्वामी विवेकानंद परिसर सुकमा में किया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नाम जोड़ना, विलोपित करना एवम् संशोधन करना, फोटो संकलन, आधार संकलन एवम् फेटो सिमिलर एंट्री व डेमो ग्राफिक सिमिलर एंट्री (पीएसई, डीएसई) के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बीएलओ एप व एआरओ नेट के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से आधार नंबर संकलन एवं संशोधित प्रपत्रों, पुनरीक्षण के पूर्व की प्रक्रिया, मतदान केंद्रों का पुनर्गठन के बारे में सौरभ उप्पल सहायक प्रोगामर द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में डाटा एंट्री ऑपरेटर और बीएलओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उदालातराई, 25 दिसम्बर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संपूर्ण भारत में संकल्प यात्रा की शुरुआत की है जिसमें विकसित भारत अभियान के तहत अंतर्गत संपूर्ण छत्तीसगढ़ के साथ-साथ सुकमा जिला के समस्त ग्राम पंचायत में संकल्प यात्रा रथ पहुंचकर मोदी जी की योजनाओं को जन -जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया हैं, ऐसे अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आज सुकमा जिला के विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत उदालातराई मे मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग ले कर मोदी जी के सपनों को साकार करने में सहभागी बनी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा 35 ग्राम पंचायतों में आयोजित, शिविर में 14,399 लोग हुए शामिल

# शिविरों में 3,098 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 25 दिसंबर।** केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और पात्रता रखने वाले सभी हितग्राहियों को लाभान्वित के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विगत आठ दिनों में छिंदगढ़, सुकमा और कोंटा के ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया जा चुका है। इन शिविरों में कुल 14, 399 लोग शामिल हुए। शिविर स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया और संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन शिविरों में 3098 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 2443 लोगों का टीबी जांच और 1473 लोगों का सिकल सेल जांच कर दवाई एवं परामर्श दिया गया। शिविरों में 95 लोगों को आयुष्मान कार्ड, 92 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना और 71 लोगों को जीवन ज्योति योजना से लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 304 लोगों का पंजीयन किया गया। शिविरों में विभिन्न योजनओ से लाभांवित 98 हितग्राहियो ने मेरी कहानी मेरी जुबानी और 35 हितग्राहियो ने धरती कहे पुकार के का अनुभव साझा किया। शिविर में 27 किसानो को स्वाइल हेल्थ कार्ड और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। शिविरों में 214 महिलाओं, 634 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। शिविर में 14, 399 लोगों को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने के साकार करने की शपथ दिलाई गई।

## समाचार संक्षेप

### भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे विधायक चैतराम

**गीदम, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी आज जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए साथ ही ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओ को संज्ञान में लेकर प्रशाशन से निराकरण हेतु दिशा निर्देश दिया। आज ग्राम पूरनतरइ में विधायक चैतराम भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए और रस्सा खिचाई खेल आयोजन का लुत्फ़ उठाया इसके पश्चात विधायक चैतराम तुड़पारास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और ग्रामीणों से मुलाकात किया। सतनाम सेवा समिति दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित संत शिरोमणि गुरुघासीदास बाबा जी की 267 वीं जयंती समारोह में अतिथि के रूप में सम्मिलित भी हुए जहा उन्हें संत शिरोमणि गुरुघासीदास बाबा जी की छाया चित्र सप्रेम भेंट की गयी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला विनय नाग, मण्डल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जयदयाल नागेश, मण्डल उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा रुपन मण्डल, शिव समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

**सुकमा, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों द्वारा मिलकर उड़ाये मजाक से देश भर में आक्रोश है सुकमा जिले के सुकमा बस स्टैंड के पास गुरुवार की शाम को पांच बजे भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया अटल सदन भाजपा कार्यालय से रैली की शक्ल में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुँच पुतला दहन किया। कड़ी प्रतिक्रिया में भाजपा जिलाअध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि संवैधानिक पद की गरिमा का ध्यान भी नही रखते है राहुल गांधी और उनकी पार्टी के संस्कारों को बत करती है। यह शर्मनाक है कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने भद्दे अंदाज में राज्यसभा के ट्रिपप्पु मोबाइल सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी और उसका वीडियो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी वीडियो बनाते हुए हंस रहे थे। उक्त घटना के लिए राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

**सुकमा, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के तेलावर्ती ग्राम पंचायत के प्राथमिक स्कूल में अक्षत फाउंडेशन द्वारा बच्चों को बुक, कॉपी, पेन, पेंसिल, कम्पास, आदि सामग्री का वितरण किया गया जिसमें अक्षत वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनल दुबे, कोमल, कंचन, कबीता आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### वार्षिकोत्सव, आनंद मेला का उद्घाटन

**दुर्ग 25 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 23 दीपक नगर, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर दुर्ग का हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं प्राइमरी मिडिल हायर सेकेंडरी का आनंद मेला एव विज्ञान मॉडल,शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि शहर के विधायक श्री गजेन्द्र यादव रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल,विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक श्री अमित घोष,पार्षद श्रीमती मीना सिंह एवं प्राचार्य श्रीमती शेफाली सोनी द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्?घाटन किया गया।विधायक गजेन्द्र यादव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सभी की गरिमामय उपस्थिति ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में सभी पालक भी आमंत्रित थे। सभी अतिथियो एंव पालको ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियो को सहारा। कार्यक्रम के दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने व्यजन स्टॉल का भ्रमण कर व्यजनो के स्वाद का आनंद लिया। विज्ञान प्रदर्शनी के मॉडलों को देखकर छात्रो को अभिप्रेरित किया।आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी शिक्षक शिक्षिकाओ एव गैर शिक्षकिय स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही। प्राचार्य श्रीमती शेफाली सोनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियो का, शाला परिवार एव पालको का आभार व्यक्त किया।

### रबी और उद्यानिकी फसल के लिए 31 दिसम्बर तक कर सकते हैं प्रधानमंत्री फसल बीमा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़, 25 दिसंबर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के रबी फसल और उद्यानिकी फसलों के लिए पीएम फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित किया गया है । इस योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं रोगों के कारण किसी भी अधिसूचित फसल के नष्ट होने पर कृषकों को वित्तीय सहायता दी जाती है जिससे प्राकृतिक आपदा के वर्षो में कृषि आय को स्थिर रख सकें। कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन और कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले में किसान गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित के अतिरिक्त सरसों तथा अलसी का बीमा करा सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ, जलप्लावन, कीट व्याधि, ओला वृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भूस्वामी व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसलों के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत किये हो वे बीमा के लिये पात्र होंगे। इनके साथ ही ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उत्पादन करने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे बुवाई पुष्टि प्रमाण पत्र संबंधित पटवारी अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं । जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 तक बजाज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को निविदा के आधार पर चयनित किया गया है । किसानों के द्वारा प्रदाय की जाने वाली प्रीमियम दर, रबी वर्ष 2023-24 में फसल के आधार पर बीमित राशि का 2त्न किसानों द्वारा देय होगा। एक ही अधिसूचित ग्राम एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है । इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंकों को 31 दिसम्बर से पूर्व देना होगा। ऋणी एवं अऋणी कृषकों के द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में किसान के समस्त दस्तावेज को निरस्त करने का अधिकार बीमा कंपनी के पास होगा। निर्धारित अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 के पूर्व सभी पात्र किसान अपनी फसलों का बीमा अवश्य करायें । इसके लिए अपने सहकारी समिति, संबंधित बैंक, लोक सेवा केन्द्र से अपने फसलों का बीमा करा सकते है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत खुर्सीपार में कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव 25 दिसम्बर।** भारत सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खुर्सीपार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन पहुंची। मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया जानी गई। इस दौरान सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं जानकारी प्रदान की गई। धरती कहे पुकार के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मूलचंद लोधी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक लोककल्याकारी योजनाओं की जानकारी देने और लाभान्वित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से शासकीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में शासकीय विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबधं में जानकारी दी जा रही है और योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। इसका लाभ सभी को उठाने की सलाह दी। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री जयपाल सिन्हा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाया जा रहा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को प्राकृतिक खेती के लिए किया जा रहा जागरूक

## धरती मां के दर्द को मार्मिक लघु नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 दिसंबर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में धरती कहे पुकार के गतिविधि से ग्रामीणों और किसानों को छात्राओं और स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा धरती मां के दर्द को मार्मिक लघु नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। इस प्रस्तुति में धरती मां कहती हैं ÷ मैं हजारों साल से बिना रुके, बिना थके अपने पथ पर चल रही हूं। मैं तब भी थी जब आप लोग नही थे और तब भी रहूंगी, जब आप लोग नही रहेंगे, पर अब ऐसा लगता है कि मै थक रही हूं। आपकी धरती माँ थक रही है। खेतों में इस्तेमाल किए गए रसायनों एवं रासायनिक खाद पानी और हवा में जहर घुल रहा है। मै थक रही हूं। खेतों में इनके छिड़काव से मेरी मिट्टी वैसे ही जलती है। जैसे आपकी शरीर पर कोई तेजाब डाल दे। मेरे बच्चों को तो मेरा दुख का अंदाजा भी नही मेरी मिट्टी बंजर हो रही हूं। मिट्टी के

पोषक तत्व खत्म हो रहे हैं। मेरा शरीर मिर्च की तरह जल रहा है। मेरी फसलों की पैदावर कम हो रही है। मै धीरे-धीरे थक रही हूं, लेकिन मुझे याद है पुराने जमाने में आप लोग ही तो थे,जब अपनी माँ के रखवाले थे। आप लोग प्राकृतिक खेती करते थे। आप जानते थे कि प्राकृतिक खेती परम्परा भी है जरुरत भी है और हमारे सभ्यता मे तो प्रार्थना भी धरती कल्याण की है। ÷नदियां, जंगल, झरने, पर्वत रखना इन्हे संभाल के, इनको रौंदा, तुम न बचोगे धरती कहे पुकार के।

मैं मौसम की वर्षा होती कहीं पर मिट्टी बंजर बनती बंजर मिट्टी और भी तपती धरती कहे पुकार के, हजारों साल से मनुष्य धरती की गोद मे रहता आया है। धरती माँ ने आप को सब कुछ दिया लेकिन मैं आप से पूछती हूं कि आप ने अपनी धरती माँ को क्या दिया, ये जहरीले रसायन और अप्राकृतिक खाद, जो मिट्टी को बंजर कर रहे हैं, उत्पादकता को बर्बाद कर रहे हैं। रासायनिक खाद जहर समान है और तो और फसल में पानी की खपत भी बढ़ गई है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और पानी का स्तर जमीन के काफी नीचे जा रहा है। बच्चो मै तुम्हारी मां हूं। मैंने तुम्हे सुख से जीने के लिए प्रर्याप्त संसाधन दिए हैं, पर तुम्हारी लालच की पूर्ति के लिए नही दिए। ऐसा लगता है थोडी सी अधिक पैदावर और अपनी लालच के लिए आप सब भविष्य के बारे मे सोचना ही भूल गए है। सोचो क्या तुम अपने बच्चो को ऐसा खेत देना चाहते हो, जो बंजर हो। मै माटी हूं। मां होना मेरे नाम मे बसा है। पोषण करने के लिए ही मैने जन्म लिया है। करोड़ो साल तक धरती पर सांसों की डोर आगे बढ़ाई, पेट भरा जब सबका, तभी मैने संतुष्टी पाई, वो मां हूं मैं सबकी,जिसने जन्म न देकर भी,जीवन संभव बनाई। अन्नदाता मेरे पुत्र किसान तुमने ही तो, इसमें मेरा साथ निभाया। दिन रात सींच पसीने से मुझको, हर मुंह तक रोटी पहुचाई। जब तुमने माथे मुझे लगाया। मै हरियाली बनकर मुस्काई। याद रखना मिट्टी बंजर होने से और धरती के नुकसान से किसी एक देश, एक द्वीप, एक समाज या एक धर्म का नुकसान नही है बल्कि सभी का है क्योकि सभी आपस में बंधे हैं। धरती की श्रृंखला टूटी, माला टूटी सब बिखर जायेंगे। सब खत्म हो जाएंगे। धरती एक परिवार की जैसी सबका भविष्य है केवल एक। बचेगी धरती सभी बचेंगे। जीवन पथ की माला एक मेरा मालिक, माटी बना सबका रूप अनेक। बचेगी धरती सभी बचेंगे। जीवन पथ की माला एक।

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव 25 दिसंबर।** आपको बता दे की कोंडागांव में 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के उपलक्ष में संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मण यादव जी दिल्ली विश्वविद्यालय का वक्तव्य इस प्रकार था ।जिसमें पहला मानव अधिकार व्यवस्था अभिव्यक्ति का अधिकार स्वतंत्रता का अधिकार दूसरा जनजाति अधिकार पेसा एक्ट मानव अधिकार तीसरा ओबीसी के 1990 मंडल कमीशन की सिफारिश चौथा एसटीएससी 1989 की व्यवस्था उपरोक्त संगोष्ठी व्यवस्था का आयोजन किया गया ।उपरोक्त संविधान की विस्तृत व्यवस्था को जन जन जागरूक लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की गई थी। जिसके चलते अपने पद से बिना किसी कारण बताए यूनिवर्सिटी से निष्कासित किया गया है।ऐसे तानाशाह रवैए से बाबा साहब सेवा

संस्था कोंडागांव निंदा करती है। एवं हुक्मरानों को सलाह है की उन्हें तत्काल मूल पद पर बहाल किए जाए।भारत की राष्ट्रीय राजधानी स्थित दिल्ली के जाकिर हुसैन कॉलेज में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण यादव जो भारतीय संविधान की विशेष जानकार है। इनको दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा बिना किसी कारण पद से हटा दिया गया है।जिसका बाबा साहब सेवा संस्था कोंडागांव छत्तीसगढ़ कड़ी निंदा करती है। तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण यादव को तत्काल पद पर बहाली किए जाने की मांग करती है। डॉ लक्ष्मण यादव को तत्काल बहाली नहीं किए जाने की दशा में बाबा साहब सेवा संस्था जिला कोंडागांव छत्तीसगढ़ एवं अन्य लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ मिलकर संवैधानिक तरीके से उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। माननीय महोदय से निवेदन है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण यादव को तत्काल पद पर बहाली किए जाने का आदेश करने का कृपा करें। जय भीम जय विज्ञान जय संविधान।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती सुशासन दिवस पर स्वच्छता अभियान

**महासमुन्द 25 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उनके छाया चित्र में माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर आज सुबह से ही व्यापक स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक से बस स्टेंड ,वहां से महामाया तालाब में विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने हाथ में झाड़ू थामकर सफाई अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, पार्षदगण महेंद्र जैन, मीना वर्मा,हेमलता यादव, मंगेश टाकसाले, राजेश नेताम, मुन्ना देवार, राजू चंद्राकार व संदीप दीवान, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मिशन क्लीन सिटी और यहां के कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। वही जिले के ग्राम पंचायतों में भी व्यापक सफाई अभियान चलाया गया तथा अटल चौक की साफ सफाई और रंग रोगन कर यहां स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया गया।

# धूमधाम से मनाया भाजपा नेता जयप्रकाश डनसेना का जन्मदिन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया 25 दिसंबर।** प्रेस परिवार की तरफ से दैनिक नवभारत के संवाददाता व भाजपा के युवा नेता जयप्रकाश डनसेना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन का कार्यक्रम रेस्ट हाउस खरसिया में संपन्न हुआ। इस अवसर पर काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र एवं मेमोंटो देकर सम्मानित किया। प्रेस परिवार के सभी पत्रकार एवं साथियों ने डनसेना को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर गौ सेवक राकेश केशरवानी, मनोज राठौर, जगन्नाथ प्रधान, अतुल शर्मा, टिंकू रावलानी, नूतन पटेल, पत्रकार रविशंकर पटेल, हेमंत दर्शन, नूतन डनसेना, जैकी चौहान, पूजा जायसवाल, डिग्रीलाल सिदार, नारायण राठिया, संतोष यादव, डंकेश्वर राठौर, महिपाल सिंह, पंकज, परम राठौर, संतराम निषाद, विकास तथा अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

# बीएसपी सोसायटी सेक्टर-6 ने रिटायर कर्मियों को दी विदाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 25 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह नवंबर-2023 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों सह संस्था के सदस्यों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सोसाइटी के सदस्य और भिलाई स्टील प्लांट के कर्मी होने के नाते हम सबका एक आत्मीय रिश्ता है,जो हमेशा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि इन रिटायर कर्मियों की बदौलत ही हमारी सोसाइटी ने उच्च

प्रतिमान स्थापित किए हैं। इस मौके पर सेवानिवृत कर्मियों में मोहनलाल (मास्टर ऑपरेटिव) ब्लास्ट फर्नेस,दयानंद (से मास्टर टेक्नीशियन ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन) एमके सोनी (मास्टर ऑपरेटिव)सिंटर प्लांट-2,यशवंत कुमार (मास्टर ऑपरेटिव)हैवी मेंटेनेंस एंड इक्विपमेंट,एम कृष्णमूर्ति (मास्टर टेक्निशियन)रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल,आरके चंद्राकर (चार्जमैन)सिंटर प्लांट-2,एके पांडे (मास्टर ऑपरेटिव) सीआरएम इलेक्ट्रिकल,बिशन सिंह निर्मलकर (मास्टर ऑपरेटिव)मशीन शॉप, नाथूराम (टेक्नीशियन) स्टील मेल्टिंग शॉप-1,एस मोहन राव (एमटीए) मेडिकल सहित दो दिवंगत सदस्यों के विधिक नॉमिनी व स्थाई रूप से मेडिकल अनफिट सदस्य श्री ए आदिनारायण को उनकी जमा राशि का चेक तथा शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोर्ड मेंबर जेके गहिने,धनंजय चतुर्वेदी और कुलेश्वर चंद्राकर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन एम मुरलीधर प्रबंधक व आभार वी के वासनिक संचालक ने व्यक्त किया। सदस्यों में एके पांडे और आर के चंद्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों को साझा किया।

## अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति की: गफ्फू मेमन

# पालिका ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद 25 दिसंबर।** पालिका गरियाबंद के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अटल चौक मे सुशासन दिवस मनाया गया। उपस्थितजनो ने कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर नमन करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने सभी अधिकारी कर्मचारी को सुशासन दिवस पर सभी ने पारदर्शी, सहभागी, और जनकल्याण केंद्रित बनाए जाने की शपथ ली। इसके पहले

नगर पालिका से लेकर अटल चौक तक सुशासन प्रभात रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान कवि, लेखक और कुशल राजनीतज्ञ थे। उन्होंने हमेशा मूल्यों की राजीनिति की। गांव, गरीब, किसान के विकास की चिंता की। अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई।उनके जयंती सुशासन दिवस के रूप में माना रहा है। हमे अटल जी के सोच और विचार की आत्मसात करने की जरूरत है। जिला भ ज पा महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि अटल जी ने तीन तीन बार देश का नेतृत्त किया। देश में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जो आज भी अविस्मरणीय है। नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके के कहा कि देश सुशासन आए ये अटल जी सोच थी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह कल्पना पूरे होते नजर आ रही।कार्यक्रम मे आभार प्रदर्शन पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, संसद प्रतिनिधि प्रह्लाद ठाकुर, श्रीमति रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, प्रतिभा हुमने, जमुना गजबिये, पालिका स्टाफ केशनाथ साहू, दुष्यंत साहू आदि।

## समाचार संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**कोंडागांव, 25 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कोंडागांव जिले में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। जिला मुख्यालय कोंडागांव स्थित अंबेडकर चौक में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई के तैलचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक सुश्री उसेंडी के साथ ही नगर पालिका उपाध्यक्ष, जसकेतु उसेंडी, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष सतीश सोनी, पार्षद तेज देवांगन, ललित देवांगन, सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, संगीता चक्रधारी, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया।

### भागवत कथा सुनने का फायदा तब जब हम उसे अपने जीवन मे उतारें: गोवर्धन शरण महाराज

**महासमुंद 25 दिसंबर।** जगत विहार कालोनी मे भागवत कथा की धूम मची हुई हैं हरिराम साहू, यामिनी इंगेश साहू,दीप्ती कुंदन साहू द्वारा अपने पूर्वजों के सम्मान और मुक्ति हेतु सिरकटी आश्रम के प्रसिद्ध प्रवचन कर्ता संत श्री सिया गोवर्धन शरण जी के श्रीमुख से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा जहाँ पर श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की कोई भी कथा सुनने का फायदा तभी होता है जब हम उस कथा के रस को अपने जीवन में उतारेंगे। और उसका स्मरण करेंगे। और तभी इससे जीवन में मंगल और आनंद की प्राप्ति होगी। अन्यथा उस कथा का हमारे जीवन में कुछ महत्व नहीं रह जाता और वो बस एक मनोरंजन बनकर रह जाता है। और एक कानों से सुनकर बाद में दूसरे कानों से निकलने वाली बात हो जाती श्रीमद भागवत कथा सुनने से हमारे जन्मों के पाप नष्ट हो जाते है और इसको सुनने से मन में आध्यात्मिक विकास होता है। और जहां अन्य युगों में मोक्ष की प्राप्ति करने के लिए कड़ी मेहनत और परिश्रम करनी पड़ती थी वहीं कलयुग में श्रीमद भागवत कथा सुनने मात्र से मुक्ति मिल जाती है। और उसके अंदर का सोया हुआ ज्ञान और वैराग्य सब वापस आ जाते है। भागवत कथा उस कल्पवृक्ष के समान हैं जो हमारी इच्छाओं की पूर्ति कर देता है। श्रीमद भागवत कथा हिन्दू धर्म के 18 पुराणों में से एक है। इसे भगवतम भी कहते है। इसका मुख्य उद्देश्य भक्ति मार्ग या योग है। श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण को सभी देवों व स्वयं भगवान के रूप में दर्शाया गया है। भागवत कथा में रस भाव की भक्ति को भी बताया गया है। इसमें भगवान श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन किया गया है जिसके सार को सुनकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा का श्रवण करके ही राजा परीक्षित को मुक्ति की प्राप्ति हुई थी। और इस बात का कलियुग में आज भी प्रमाण मिलता है। कहते है श्रीमद भागवत कथा सुनने से प्राणों को मुक्ति मिलती है।सत्संग और कथा के माध्यम से ही तो मनुष्य भगवान के चरणों में पहुँचता है।

### अटल के जन्मदिन पर सुशासन दिवस मनाया गया

**कुरुद 25 दिसंबर।** भारत रत्न अटल जी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया.नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत भानु चन्द्राकर द्वारा अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, पश्चात जन प्रतिनिधियों द्वारा अटल जी के यात्रा वृतान्त, कालेज छात्रों द्वारा कविता पठन सहित गणमान्य नागरिकों के द्वारा स्टेडियम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर ने सबको जयंती की बधाई एवं गणमान्य लोगों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भानु चन्द्राकर नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत, मनीष साहू वार्ड पार्षद एवं सभापति, कृष्णकांत साहु विधायक प्रतिनिधि, मुलचंद सिन्हा सांसद प्रतिनिधि, मोहन अग्रवाल न.प. पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद विनोद चन्द्राकर, गणमान्य नागरिकगण भारत भूषण पंचायन, मालकराम साहु, सुरेश अग्रवाल, कार्तिक राम साहु, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, विकास चन्द्राकर, हिरेश सिन्हा, किशोर यादव, भारत ठाकुर, कमलेश रेड्डी, रोशन निर्मलकर, शत्रुघ्न साहु, शशांक कृदंत, सुरज लांबा, खेमराज सिन्हा, कमलेश चन्द्राकर, भूपेन्द्र सिन्हा, सुरज देवांगन सहित नगर पंचायत के इंजीनियर, कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

# गीता का उपदेश सभी वर्गों के लिए अनुकरणीय: ठाकुर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 25 दिसम्बर।** ग्राम गुजरा में आयोजित गीता जयंती समारोह के समापन समारोह के मुख्यअतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर रहे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यादव समाज चंद्रहास यादव ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संजय बैस, प्रदेश कार्यकरणी सदस्य शोमेश साहू, जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, जिला कार्यकरणी सदस्य भाजपा जसराज शर्मा, भाजपा नेता हितेश साहू, अध्यक्ष गुजरा पंचायत कार्तिक राम यादव, घुरऊ राम साहू, रमेश कुमार उइके, रोशन लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

गीता जयंती समारोह में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का पुष्पहार एवम बुके से स्वागत सम्मान किया गया।

स्वागत उपरांत आयोजित मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि यादव समाज के अराध्य भगवान कृष्ण के द्वारा कुरुक्षेत्र में गीता का उपदेश दिया गया था जो आज पर्यंत भारत देश ही नही बल्कि सम्पूर्ण विश्व मे माना जा रहा है। सभी समाज एवम वर्ग में गीता

के उपदेश आज सार्वभौमिक है।

भाजपा नेता ने कहा कि आज सभी समाज का दायित्व है कि हम अपने- अपने समाज के लोगो को शिक्षित बनाये तथा देश के विकास की धारा में शामिल करें। हमने देखा है कि शिक्षित समाज ही तेजी से आगे बढ़ता है इसलिए समाज के लोगो को शिक्षित करना बहुत ही आवश्यक हो गया और यह समय की मांग भी है की समाज के सभी जिम्मेदार लोग अपने-अपने समाज को शिक्षित करने की दिशा में कार्य करे।

भाजपा नेता देवलाल ठाकुर ने कहा कि मैंने अपने जिला पंचायत अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान गाय पालन योजना में यादव समाज को अन्य समाज की अपेक्षा योजना में ज्यादा अनुदान या सहायता देने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा था। क्योंकि यादव समाज गाय पालन जैसे कार्यो में अनुवभी तथा विशेषज्ञ की तरह है अगर शासन यादव को गाय पालन जैसी योजनाओं में ज्यादा सहूलियत देगी तो शासन की गाय पालन योजना तेजी से आगे बढ़ेगा तथा सफल भी होगा।इस संबंध में यादव समाज इस संबंध में प्रदेश शासन के सामने इस तरह की योजनाओं के संबंध में चर्चा करना चाहेगा तो मैं सदैव यादव समाज के साथ आने-जाने के लिए उपस्थित रहूंगा। भाजपा नेता देवलाल ठाकुर ने यादव समाज के लोगो से आग्रह किया कि समाज के जिम्मेदार लोग समाज मे शिक्षा को आगे बढ़ाए और एक मजबूत समाज की निर्माण करें।

## एक नजर

### जनता की सेवा ही मेरा धर्म : सुशील शर्मा

**भाटापारा, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूर्व मंडी अध्यक्ष और प्रदेश प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी और शहीद स्व.वीर नारायण सिंह जी की जयंती कार्यक्रमों में शामिल होकर सभी ग्रामीण जनों से भेट मुलाक़ात कर उनके कार्यक्रमों में सहभागी बने।इस अवसर पर ग्राम बहमनीडीह, नवागाँव, धनेली में उपस्तिथ सामाजिक जनों को सम्बोधित करते पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा की हमे सामाजिक एकता और भाई चारे को बना कर महापुरुषों के बताये रास्तो पर चलकर अपने गाँव और समाज का नाम रौशन करना चाहिये, मैं हमेशा आपके साथ था और रहूँगा, जीवन भर जनता जनार्दन की सेवा करता रहूँगा, आपकी समस्याओं का निराकरण करने हमेशा तत्पर रहूँगा, मैं किसान हूँ मुझे बंजर ज़मीन से मीठा पानी निकालना आता है बस आप सभी का साथ और सहयोग मिलता रहें। ग्राम पहुँचने पर ग्रामीण जनों ने अपने चहेते नेता सुशील शर्मा का आतिशबाजी चलाकर, पुस्पाहार पहनाकर गाजे बाजे के साथ स्वागत किया, इस अवसर पर सुशील शर्मा के साथ ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष अमर मांडवी, कामता सोसायटी अध्यक्ष सैलीं भाटिया, जिला सचिव सचिन शर्मा, मुरली शर्मा, आशीष शर्मा, दीपक साहू सहित सरपंच, उपसरपंच सहित कॉग्रेस जन उपस्तिथ थे।

### हाथियों के दल ने खेत में बनी झोपड़ी व फसल को पहुंचाया नुकसान

**कोरबा 25 दिसम्बर।** कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में एक बार फिर 11 हाथियों का दल पहुंच गया है। खेतों में किसानों द्वारा बनाई गई तीन झोपड़ियों को तोड़ने के साथ ही वहां रखे धान को हाथियों के दल खा लिया और वापस जंगल की ओर चले गए। हाथियों के उत्पात काफी देर तक चलने और नुकसान पहुंचाने से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग अमले को दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अमले ने नुकसान का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। बताया जा रहा है कि हाथियों का यह दल धरमजयगढ क्षेत्र से पहुंचा है। पसरखेत रेंज के गांव में मडराने व उत्पात मचाने के बाद रात होने पर दल आगे बढ़ा तथा कुदमुरा रेंज अंतर्गत ग्राम चचिया पहुंच गए। हाथियों ने चचिया पहुंचने से पहले रास्ते में 11 ग्रामीणों की फसल को तहस-नहस कर दिया। उधर कटघोरा वन मंडल में भी हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां के पसान व केंदई रेंज में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे है और ग्रामीणों की अरहर फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। देवमट्टी क्षेत्र में मौजूद 32 हाथियों के दल ने पसान रेंज अंतर्गत गाड़ागोड़ा पहुंचकर लगभग आधा दर्जन ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया। वन विभाग के अनुसार हाथियों का दल रात नौ बजे ग्राम पहुंचा और ग्रामीणों के खेतो में लगे अरहर की फसल को रौंदने के साथ तहस-नहस कर दिया। दो घंटे तक उत्पात मचाने के बाद दल वापस लौट देवमट्टी के जंगल में जाकर रूक गया है।

### जंगल से निकल सड़क पर आधे घंटे विचरण करता रहा हाथी

**कोरबा 25 दिसम्बर।** कटघोरा वनमंडल के कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसे ग्राम कापा-नवापारा के पास एक दंतैल सड़क पर आधे घंटे तक विचरण करता रहा। जंगल से निकल कर हाथी के अचनाक सडक पर आने से राहगीर हलकान रहे। वन अमले की टीम ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा तब कहीं जाकर आवागमन बहाल हुआ। कटघोरा वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। इसके कारण स्थानीय ग्रामीण के साथ ही अन्य लोग भी काफी परेशान है। दल मे विचरण कर रहे हाथियों से अधिक लोनर हाथी लोगों के लिए भय का सबब बने हुए हैं। ग्राम कांपा नवापारा के पास सड़क में आधे घंटे हाथी के विचरण करने की सूचना वन अमले को मिली। लोग वाहन से उतर कर हाथी की फोटो लेने के साथ सेल्फी भी ले रहे थे। जानकारी मिलने पर बिलासपुर सीसीएफऔर कटघोरा वनमंडालाधिकारी मौके पर पहुंचे और हाथी को सड़क पार कराया। इस दौरान कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार भी मौजूद थे।

## अवैध खनिज परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# जेसीबी सहित तीन हाईवा जब्त

### पिछले 3 दिनों में ही 1 माउंटेन चेन, 1 जेसीबी, 12 हाईवा, 3 रेत से भरे ट्रैक्टर सहित अब तक कुल 17 वाहन पकड़ाए

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत मुरूम खनन और किरचा पत्थर के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई।

जिसमें आज भी 1 जेसीबी सहित 3 हाईवा ज़ब्त किया गया हैं। जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने बताया कि आज भीं खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई। जांच के दौरान सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बनसांकरा में मुरूम सहित किरचा पत्थर का अवैध उत्खनन करते हुए 1 जेसीबी मशीन जिसका वाहन क्रमांक सीजी 09 जेई 9333 एवं तीन हाइवा सीजी 04 एमआर 7722, सीजी 25 बी 0115 सीजी 04 एमपी 7722 वाहन को जब्त किया गया हैं। सभी जब्त वाहन नजदीकी सिमगा थाना की सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन के मामलों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। जिसके चलते पिछले तीन दिनों में जिले के अलग अलग क्षेत्रो से 1 माउंटेन चेन, 1 जेसीबी, 12 हाईवा, 3 रेत से भरे ट्रैक्टर सहित अब तक कुल 17 वाहन जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए योगाचार्य मिथलेश एवं योगविद् अर्जुन धनंजय सम्मानित

**छुरा, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पतंजलि परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा जे एन पांडे आडिटोरियम में वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। योग से सनातन की ओर विषय पर आधारित विशाल सम्मेलन में पतंजलि परिवार के सभी छः संगठन के पदाधिकारी, सक्रिय कार्यकर्ता एवं सोशल योगी शामिल हुए। महासम्मेलन में भारत स्वाभिमान मुख्य राज्य प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रथम अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पतंजलि युवा भारत राज्य प्रभारी गोस्वामी जयंत भारती, पतंजलि योग समिति सह राज्य प्रभारी मनोज पाणिग्रही, किसान पंचायत राज्य प्रभारी गणेश तिवारी, पतंजलि युवा भारत सह राज्य प्रभारी भानुप्रताप साहू, राम शर्मा, अनुप बंसल सहित पतंजलि परिवार के तमाम राज्य प्रभारी, देवीलाल पटेल राज्य कार्यालय प्रभारी मंचासीन रहे। सम्मेलन में आगामी महत्वपूर्ण योजनाओं पर सारगर्भित चर्चा हुई। योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए नई ऊर्जा के साथ संगठित हुए। एवं प्रत्येक जिले के जिला प्रभारीयो नेअपना -अपना प्रतिवेदन वाचन किया जिसमे गरियाबंद जिले से जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा ने जिले का प्रतिवेदन वाचन किया, एवं जिले के आगामी कार्योजना जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने बताया। पतंजलि योग समिति में अपनी तन मन धन लगा कर सेवा करने वाले जिले से दो उत्कृष्ट कार्यकर्ताओ का सम्मान भी राज्य समिति द्वारा किया गया। जिसमें गरियाबंद जिले के निष्ठावान कार्यकर्ता जो दशकों से जिले में सेवा दे रहे ऐसे योगाचार्य मिथलेश सिन्हा एवं योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले से महिला पतंजलियोग समिति जिला प्रभारी मिलेश्वरी साहू, योग शिक्षक देवनारायण यदु, सोशल योगी पोखन ठाकुर, नरेंद्र साहू, कीर्ति तारक, लालजी साहू, एवं पूरे राज्य के योगी भाई बहन सैकड़ों के संख्या में उपस्थित थे।

### शत-प्रतिशत हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का करें प्रयास : जोशी

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार पेट्रोलियम मंत्रालय के संयुकय सचिव एवं जिले के प्रभारी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा आशीष जोशी ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं की पहुंच शतप्रतिशत हितग्राहियों तक पहुंचने भरसक प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर चंदन कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में संयुक्त सचिव ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी से सम्बंधित जानकारी तथा पोर्टल में प्रविष्टि की जानकारी ली। उन्होंने संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में यदि किसी योजना से सम्बंधित कोई समस्या हो तो उसे बताने कहा ताकि उसका समाधान समुचित रूप से किया जा सके। जिले में एक ही एलईडी वैन होने तथा 3 से4 वैन की आवश्यकता होने की जानकारी देने पर उन्होंने अतिरिक्त वैन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

# अब घर बैठे बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड, अस्पताल च्वाइस सेंटर के चक्कर काटने का झंझट खत्म

- विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी बनाया जा रहे है आयुष्मान कार्ड
- अब तक जिले में बनाए जा चुके हैं 9 लाख 80 हजार से अधिक कार्ड

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** अब आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासकीय अस्पताल या फिर इस चॉइस सेंटर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। बल्कि हितग्राही स्वयं घर बैठे अपने मोबाईल से आसान फॉर्म भरकर बना सकेंगे। मरीजों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने आयुष्मान कार्ड सेवा को और भी अपग्रेड कर दिया है। पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर से लागिन करके अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बना सकेंगे।केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए बनाए गए से पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है.इसके लिए पात्रों को पहले अपने नंबर से वेबसाइट को खोलना होगा.आगे पात्रता होने पर दिए गए विकल्प अनुसार अपना आयुष्मान कार्ड या परिवार के नए सदस्यों का नाम जोड़ सकेंगे।

गौरतलब है की केंद्र सरकार बीपीएल परिवार के लिए 5 लाख रूपये तक इलाज की योजना एक ही सर्वर से ऑपरेट होती है. इस वजह से हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड कार्ड घर बैठे बन सकेंगे। इसके साथ ही ज़िले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत में शिविर लगा कर आयुष्मान पंजीयन किया जा रहा है। जिसमें कोई भी व्यक्ति आकर अपना पंजीयन करा सकता है।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में आयुष्मान कार्ड के पात्रों को से संख्या लक्ष्य निर्धारित 12 लाख 69 हजार 691 है। इसमे से 9 लाख 80 हजार 709 कार्ड बन चुके हैं। पूर्व में किए गए आयुष्मान पंजीयन का पीवीसी आयुष्मान कार्ड ज़िले को राज्य से 1 लाख 67हजार पीवीसी कार्ड प्राप्त हुए है इन पीवीसी कार्ड का वितरण भी आधार बायो ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ज़िले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से निःशुल्क किया जा रहा है।

वर्तमान में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासकीय अस्पताल या चॉइस सेंटर जाना पड़ता था। जहा पर कार्ड बनाने में थोड़ा समय लगता था। जिसे देखेते हुए केंद्र सरकार ने अब इस सुविधा को अपग्रेट किया हैं। आम जन अब घर बैठे ही इसका लाभ उठा सकते हैं।

### कैसे बनाएं आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान कार्ड प्रभारी विनय मिश्रा ने बताया कि सर्वप्रथम आयुष्यान ऐप प्लस आधार लिंक पेज का चुनाव कर आधार लिंक करे। आयुष्यान लॉगिन पर जाएं विकल्प चुनें, मोबाईल नंबर दर्ज कर, ओटीपी डालकर लॉगिन करे। इसके बाद दूसरा विकल्प आएगा जिस पर स्टेट, राशन कार्ड, फैमिली आईडी, जिला राशन नंबर दर्ज करें। यदि आधार कार्ड से लिंक मोबाइल उपलब्ध है तो आधार ओटीपी विकल्प का चयन करें। यदि आधार लिंक मोबाइल उपलब्ध न हो तो फेस ओथ विकल्प का चयन करें।यदि, फिंगरप्रिंट डिवाइस उपलब्ध हो तो फिंगरप्रिंट का चयन करें और प्रक्रिया पूर्ण करें। इसके बाद कैप्चर फोटो का विकल्प पर जाकर अपना क्लोजअप फोटो कैप्चर करें पश्चात मोबाइल नंबर व एड्रेस की जानकारी भरकर सबमिट बटन दबाए। अप्रूवल होने की प्रतीक्षा करें। अप्रूवल होने के बाद आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करें।

# 1.19 लाख का महुआ लहान सहित 35 लीटर कच्ची शराब जब्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा लगातर गस्त की जा रही है। इस दौरान गुप्त सूचनाओं के आधार पर कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम घाटमड़वा में नाला किनारे 24 सौ किलो ग्राम महुआ लहान, 35 लीटर कच्ची शराब जब्त किया गया। इसी तरह ग्राम भैंसमुड़ा में 12 सौ किलो ग्राम महुआ लहान जब्त किया गया है।कच्ची महुआ शराब को कब्जा आबकारी लेकर महुआ लाहन का विधिवत नष्टीकरण किया गया। उक्त जब्त समाग्री का बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 19 हजार 500 रुपये है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 34(1)(क)(च ) का, प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंद वर्मा आबकारी उपनिरीक्षक जैलेश सिंह, दिनेश कुमार साहू, मोतिन बंजारे एवं आबकारी प्रधान आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गा ध्रुव, दुर्गेश्वरी, शीतल यादव का विशेष योगदान रहा।

**जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाएं**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202312092100035**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्रः- 2023-2024
छीरपानी (प.ह.न. 00024),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सोनू साहू,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनू साहू पिता मेहतर जाति तेली निवासी ग्राम छिरपानी वार्ड नं. 08 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा ग्राम छिरपानी प.ह.नं. 24 रा.नि. म. डोंगरगढ़ में खसरा नं. 42/1 रकबा 0.227 हे. भूमि स्थित है, जिसमें मेरा नाम सोनऊ दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है, मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक, अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सोनू साहू है जो सत्य है। अतः राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम सोनऊ को त्रुटि सुधार कर सोनू साहू दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 08.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## पौधा भेंटकर किया योगाचार्यों का सम्मान, दिया प्रकृति प्रेम का संदेश

# शिविर में लगा देशी तड़का, मुठिया अंगाकर रोटी का लुत्फ उठा रहे शिविरार्थी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 25 दिसम्बर।** शासकीय कचना ध्रुवा महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग समापन हुआ। शिविरार्थियों ने प्रतिदिन अलसुबह निरोगी रहने के गुर सीखे।पश्चात रैली द्वारा ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, प्रकृति प्रेम, भाईचारा, समरसता, सद्भाव हेतु जागरूक किया। परियोजना कार्य अंतर्गत परिश्रम द्वारा गांव-गली, शाला परिसर की साफसफाई की गई।

बच्चों द्वारा स्वयं ही भोजन तैयार किया गया।जिसमें गढ़कलेवा की तर्ज पर देशी व्यंजनों का तड़का लगाते दिखे। बच्चों ने कभी फरा (मुठिया), तो कभी अंगाकर रोटी, सिलबट्टा चटनी का भी लुत्फ उठाया।बौद्धिक चर्चा में नए-नए तथ्यों से रूबरू होने का अवसर मिला। ग्रामवासी एवं छोटे बच्चों से जुड़ाव हेतु नए-नए खेल खिलाया गया।

दिनभर के थकान को दूर करने रंगारंग सांस्कृतिक गुलदस्ता प्रस्तुत किए। जिसमें अपनी संस्कृति, विरासत को बारहमासी गीतों, पंडवानी, संदेशप्रद नुक्कड़ नाटक से जनमानस को मनोरंजन के साथ प्रेरक संदेश भी प्रदान किए। शिविरार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु योग की गंगा बहाने के लिए पतंजलि योग समिति जिला

प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा को पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। पूरे योग परिवार को निः स्वार्थ रूप से सेवा देने के लिए ज्ञापित किया गया। योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा के साथ सम्मान पाकर गदगद है।

स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सात दिनों तक सुव्यवस्थित दिनचर्या का पाठ आपने सीखा है, उसे नियमित रूप से अपनाए और दूसरों को भी प्रेरित करें। योग सतत की जाने वाली साधना है जिसका प्रतिफल स्वस्थ, दीर्घायु जीवन के रूप में मिलता है। अंतिम दिवस कठिन आसनों के प्रदर्शन ने सभी को रोमांचित किया। अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा षट्कर्म का भी अभ्यास कराया गया।योग प्रशिक्षक पोखन ठाकुर, कराटे स्पेशलिस्ट लुकेश्वर साहू, दीपक ठाकुर, कामेश यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर विनीत कुमार साहू द्वारा धन्यवाद रेखचंद साहू ने भी प्रेरक गीतों, छत्तीसगढ़ी, उड़िया गीतों पर सुंदर तरीके से जुंबा, एरोबिक्स, कराटे का अभ्यास कराया। सभी कुशल प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया।

प्राचार्य सी.एच.पटेल, प्रोफेसर डी.आर.साहू, डॉक्टर सी.एस. सिकरवार, रागिनी ठाकुर सहित पूरा स्टाफ सफल शिविर के सहभागी बने।शिविर में स्वयंसेवक चांदनी, संजू, देवकी, यादकुमारी, खगेश, रोहन, परमेश्वर, रोहन, पुरुषोत्तम, दिव्यानी, किरण, बुधियारीन, जीतू दीवान, दीपिका, सीमा, जितेंद्र, छत्तर, जय, प्रत्यूष, संतोष, पूर्णिमा, राधिका, भूमिका, हाफिज अली आदि ने पूर्ण सहभागिता निभाई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23